CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 264 | राजनांदगांव, मंगलवार 11 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## झारखंड विधानसभा गेट के बाहर दोबारा लाठीचार्ज, खदेड़े गए अभ्यर्थी; छात्रों ने कहा- लाठियां बरसाकर सीएम मना रहे जन्मदिन

रांची। झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (JPSC) और झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (JSSC) की परीक्षाओं में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध कर रहे उम्मीदवारों का गुस्सा सोमवार शाम को फूट पड़ा। रांची में झारखंड विधानसभा के गेट नंबर 1 के बाहर अपनी मांगों पर अड़े छात्रों को हटाने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर लाठीचार्ज किया। सुरक्षा बलों ने मुख्य प्रवेश द्वार के पास जमा सैकड़ों उम्मीदवारों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया, जिससे पूरे परिसर और आसपास की सड़कों पर भगदड़ मच गई। छात्रों का आरोप है कि सुबह से बिना कुछ खाए-पिए और बारिश झेलने के बावजूद, वे केवल किसी सरकारी प्रतिनिधि या मुख्यमंत्री से बातचीत का भरोसा चाहते थे। लेकिन पुलिस प्रशासन ने बातचीत का रास्ता चुनने के बजाय बर्बरता का रास्ता अपनाया।

### एक तरफ कट रहा केक, दूसरी तरफ बरस रही लाठियां: छात्र नेता

पुलिस की कार्रवाई और लाठीचार्ज से नाराज छात्र नेता रवींद्र पासवान ने राज्य सरकार की नीयत और नैतिकता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की जायज मांगों को सुनने के बजाय, सरकार पुलिस बल के जरिए आंदोलन को कुचलना चाहती है। रवींद्र पासवान ने



कहा, सरकार हमारे मुद्दों को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है, उसकी नीयत ही खराब है। बातचीत करने के बजाय, वह लाठियों के दम पर हमें खदेड़ रही है। लेकिन अब यह सिर्फ छात्रों का आंदोलन नहीं रहा, यह एक जनआंदोलन में बदल चुका है। मैं सभी अभिभावकों से अपील करता हूं कि वे अपने बच्चों के अधिकारों की इस लड़ाई में उनका साथ दें और सड़कों पर उतरें। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए रवींद्र पासवान ने आगे कहा, एक तरफ आप केक काटकर जश्न मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ सड़कों पर उतरे युवाओं पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। क्या सरकार में कोई नैतिकता नहीं बची है? क्या उसकी जमीर मर चुकी है? जिन युवाओं ने आपको सत्ता की कुर्सी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### 'भीड़ में दब गए थे 3 जवान, उन्हें बचाने को चलानी पड़ी लाठियां': लाठीचार्ज पर बोले एसपी



रांची। रांची में झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) की परीक्षाओं में सुधार की मांग को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी है। सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा का घेराव करने के लिए मार्च निकाला, जिसके बाद हजारों परीक्षार्थियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। रांची सिटी एसपी पारस राणा के अनुसार, जब उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की और बैरिकेड्स तोड़ दिए, तो स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन, आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। राणा ने बताया कि हालांकि पुलिस ने शुरू से ही बहुत संयम बरता, लेकिन भीड़ में मौजूद कुछ लोगों के कानून हाथ में लेने और पुलिसकर्मियों की जान खतरे में डालने के बाद हल्का बल प्रयोग करना जरूरी हो गया। लाठीचार्ज के बारे में रांची सिटी स्कपारस राणा ने बताया कि जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़े, तो अफरातफरी मच गई। बैरिकेड्स टूटने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लाठीचार्ज को राहुल गांधी ने बताया गलत, बोले- शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना अधिकार; बातचीत से हो समाधान



रांची। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग को गलत बताते हुए कहा कि उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है और समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए होना चाहिए। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग गलत है। छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है और बातचीत से ही समाधान निकल सकता है। उन्होंने आगे कहा, झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करना चाहिए। दरअसल, JPSC और JSSC की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बड़ी संख्या में नौकरी के उम्मीदवार पिछले 17 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स पार करते हुए झारखंड विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। अधिकारियों के मुताबिक, झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### आराजकता फैलाना चाहते हैं', केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राहुल गांधी को घेरा



नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सदन की कार्यवाही बाधित करने को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पिछले 15 दिनों से संसद की कार्यवाही प्रभावित कर रहा है और लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। नड्डा ने कहा कि विपक्ष जंतर-मंतर से जुड़े मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग कर रहा है और वहां गोली चलने का दावा कर रहा है, जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार सदन चलाना चाहती है और हर सवाल का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देवेंद्र नाथ महतो की बिगड़ी तबीयत, एंबुलेंस से भेजा गया अस्पताल; विधानसभा गेट पर फिर लाठीचार्ज



रांची। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की तबीयत अचानक से बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहीं झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान सोमवार शाम एक बार फिर छात्रों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बनी। विधानसभा के गेट नंबर-1 के पास बैठे सैकड़ों छात्रों को हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस की कार्रवाई के बाद छात्रों में भारी आक्रोश है और उन्होंने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है।

### देवेंद्र नाथ महतो की बिगड़ी तबीयत

प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। उनके समर्थक भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। महतो ने कहा कि वह पिछले 17 दिनों से सत्याग्रह और नौ दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा, लाठी, गोली, बंदूकों से सरकार नहीं चलती है। सरकार जनता को संतुष्ट रखकर चलती है । उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें प्रताड़ित किया गया और जबरदस्ती एंबुलेंस में डाल दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस लड़ाई को जारी रखेंगे।

### गेट के पास बैठे छात्रों को हटाने के लिए पुलिस ने अपनाई सख्ती

जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में छात्र विधानसभा गेट नंबर-1 के पास बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने पहले छात्रों से गेट के पास से हटने का आग्रह किया। बार-बार अपील के बावजूद जब छात्र वहां से नहीं हटे तो पुलिस ने उन्हें हटाने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोलंबिया में भीषण भूकंप से तबाही: 47 लोगों की मौत; कई लोग मलबे में फंसे

बोगोटा। पश्चिमी कोलंबिया में सोमवार को 7.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से भारी तबाही मच गई। भूकंप में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं और दर्जनों इमारतें ढह गई हैं। तेज झटकों के कारण लोगों में दहशत फैल गई और कोलंबिया के कई शहरों में लोगों को अपने घरों और इमारतों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। भूकंप के झटके राजधानी बोगोटा के अलावा पड़ोसी देश इक्वाडोर तक महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र चोको क्षेत्र के पास था। भूकंप 107 किलोमीटर की गहराई में आया था। तेज झटकों के बाद कई इलाकों में इमारतों के ढहने और लोगों के मलबे में फंसने की खबरें सामने आई हैं। प्रशासन ने संभावित आफ्टरशॉक्स को देखते हुए लोगों को क्षतिग्रस्त इमारतों में वापस नहीं जाने की चेतावनी दी है।



### भूकंप के झटकों के बीच गिर गई चर्च की इमारत

भूकंप से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें तेज झटकों के बीच एक चर्च की इमारत गिरती हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में जमीन के जोरदार तरीके से हिलने के दौरान लोग एक-दूसरे को पकड़े नजर आते हैं। कुछ क्षणों के लिए झटकों की तीव्रता कम होती दिखाई देती है, लेकिन इसके बाद दोबारा तेज कंपन शुरू हो जाता है। इसी दौरान पीछे दिखाई दे रही चर्च की इमारत का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर जाता है। इमारत के मलबे के जमीन पर गिरते ही पूरे इलाके में धूल का गुबार फैल जाता है। आसपास मौजूद लोग भी तेज झटकों के बीच खुद को संभालते हुए दिखाई देते हैं। भूकंप का असर (शेष पृष्ठ 6 पर...)


## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, ईडी निदेशक राहुल नवीन का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वित्तीय अपराधों की जांच करने वाली शीर्ष एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख राहुल नवीन का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) की ओर से शनिवार को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, ईडी निदेशक के रूप में उनका सेवा विस्तार 13 अगस्त 2026 से प्रभावी होकर 13 अगस्त 2027 या अगले आदेश तक लागू रहेगा।

59 वर्षीय राहुल नवीन 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के आयकर कैडर के वरिष्ठ अधिकारी हैं। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी कानपुर से बी.टेक और एम.टेक की डिग्री हासिल की है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की स्विन्बर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी से एमबीए किया है। अंतरराष्ट्रीय कराधान, प्रत्यक्ष कराधान और ट्रांसफर प्राइजिंग जैसे जटिल विषयों के विशेषज्ञ माने जाने वाले राहुल नवीन को सितंबर 2023 में ईडी का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया था, जिसके बाद 14 अगस्त 2024 को उन्हें एजेंसी का स्थायी निदेशक नियुक्त किया गया था। राहुल नवीन के नेतृत्व में ईडी ने देश भर में कई बड़े और चर्चित वित्तीय मामलों की जांच को गति दी है। इनमें राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक, रिलायंस अनिल अंबानी समूह और कई ऑनलाइन मनी गेमिंब कंपनियों से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामले शामिल हैं। इसके अलावा, उनके कार्यकाल के दौरान रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा घर खरीदारों के साथ की गई धोखाधड़ी पर भी सख्त कार्रवाई की गई और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत करोड़ों रुपये की संपत्तियों को जब्त कर पीड़ितों को वापस दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

## छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से लेकर राम मंदिर ट्रस्ट के चंदे तक, खरगे ने रखीं 3 मांगें, बोले- पीएम मोदी देश की जनता से माफी मांगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े चंदे व संपत्ति के सवालों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। खरगे ने तीन मांगें रखी हैं। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्री संसद में आकर दिल्ली में छात्रों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई पर जवाब दें। साथ ही, राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े चंदे और संपत्ति को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब दें। खरगे की तीसरी मांग है कि प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता से माफी मांगें।

### गृह मंत्री संसद में आएं और जवाब दें

खरगे के मुताबिक, विपक्ष की पहली मांग दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर है। उनका कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्री को संसद में आकर बताना चाहिए कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई क्यों की गई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों के खिलाफ पैलेट गन, आंसू गैस, वाटर कैनन और इलेक्ट्रॉनिक लाठियों का इस्तेमाल किया गया। सवाल उठाते हुए कहा कि देश के भविष्य के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया। खरगे ने कहा कि विपक्ष पिछले 14-15 दिनों से इस मुद्दे पर चर्चा और गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहा है लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। उनके मुताबिक, देश के युवा जवाब चाहते हैं और सरकार को संसद और देश के सामने जवाब देना होगा।

### राम मंदिर ट्रस्ट के चंदे पर भी मांगा जवाब

खरगे की दूसरी मांग राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े चंदे और संपत्ति को लेकर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्ट का गठन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने किया था और ट्रस्टियों का चयन भी किया गया था। अब ट्रस्ट को मिले चंदे, सोने-चांदी, धन और दूसरी कीमती संपत्तियों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। खरगे ने सवाल किया कि जब ऐसे आरोप (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बालाघाट में गंदे पानी से छह बच्चों की मौत से हड़कंप, 47 मासूम अब भी अस्पताल में कर रहे संघर्ष



बालाघाट। बालाघाट जिले के बैगा आदिवासी बहुल गांवों में फैली बीमारी ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अडोरी कुंडेकसा बोंदारी और कोरका गांवों में अब तक 1 से 13 साल की उम्र के छह बच्चों की मौत हो चुकी है। लगातार बच्चों के बीमार पड़ने की जानकारी सामने आने के बाद भोपाल तक प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञों की पांच सदस्यीय टीम प्रभावित गांवों में पहुंचकर बीमारी की जांच कर रही है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज के महामारी विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र विश्नोई के नेतृत्व में पहुंची टीम ने प्रारंभिक जांच में बच्चों में पोषण की कमी और दूषित पानी को बीमारी की प्रमुख वजह माना है। विशेषज्ञों के अनुसार पर्याप्त पोषण नहीं मिलने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई। इसके चलते बच्चे संक्रमण की चपेट में आसानी से आ गए। बीमारी की शुरुआत में बच्चों के शरीर पर दाने निकलने के साथ बुखार, मुंह में छाले, भूख नहीं लगना और झटके आने जैसे लक्षण सामने आए। बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार पड़ने से ग्रामीण इलाकों में हड़कंप (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर पुलिस एक्शन: सदन में जवाब देंगे अमित शाह, रिजिजू बोले- विपक्ष को सुननी होगी गृह मंत्री की बात



नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर संसद में जारी गतिरोध के बीच सरकार ने बड़ा संकेत दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर सदन में विस्तार से जवाब देंगे। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमित शाह किस दिन सदन में बयान देंगे। रिजिजू ने विपक्ष से अपील की कि जब गृह मंत्री जवाब दें तो सदन में हंगामा न किया जाए और उनका पूरा पक्ष सुना जाए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के आंदोलन और उससे जुड़ी पुलिस कार्रवाई समेत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

### छात्र प्रदर्शन पर संसद में क्या बोले किरेन रिजिजू?

सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार छात्रों के आंदोलन और उससे जुड़ी गतिविधियों पर पूरी और विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि गृह मंत्री जब जवाब दें तो उन्हें अपना पक्ष रखने दिया जाए और सदन में हंगामा न किया जाए।

### अमित शाह कब देंगे जवाब?

रिजिजू ने यह तो स्पष्ट किया कि गृह मंत्री अमित शाह सदन में जवाब देंगे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह लोकसभा में किस दिन बोलेंगे। विपक्ष की ओर से लगातार गृह मंत्री के बयान की मांग की जा रही है। 20 जुलाई को पेपर लीक के मुद्दे को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों का प्रदर्शन हुआ था। प्रदर्शनकारियों के संसद की ओर बढ़ने की कोशिश के दौरान पुलिस के साथ टकराव की स्थिति बनी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस और लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया था। इस कार्रवाई को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक लेख के जरिए गृह मंत्री अमित शाह पर छात्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में पार्षद पति-पुत्र की व्यवस्था खत्म, अधिसूचना जारी: रिश्तेदारों को प्रतिनिधि बनाने पर रोक, चुनाव महिला जीतीं तो काम भी वही करेंगी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में अब महिला पार्षद चुनी गईं तो उनके पति या परिवार के दूसरे सदस्य उनके नाम पर काम नहीं चला सकेंगे। राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में 'पार्षद पति' और परिवार के जरिए प्रतिनिधित्व की व्यवस्था पर रोक लगा दी है। नए नियम के मुताबिक महिला जनप्रतिनिधि के पति, पुत्र-पुत्री, भाई-बहन या किसी अन्य करीबी रिश्तेदार को उनके प्रतिनिधि या समन्वयक नहीं बनाया जा सकेगा। सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना जारी कर नियम में यह नया प्रावधान जोड़ा है।

### पति से लेकर करीबी रिश्तेदार तक पर रोक

अधिसूचना में साफ किया गया है कि किसी भी नगरीय निकाय में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन या किसी अन्य निकट पारिवारिक सदस्य या नातेदार को उनके परोक्ष प्रतिनिधि या समन्वयक व्यक्ति के रूप में नियुक्त नहीं किया



जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने 2022 में बनाए गए प्रतिनिधि नामांकन से जुड़े नियमों में बदलाव किया है।

### अब नया नियम क्या कहता है?

सरकार ने पुराने नियम 3 के बाद नया नियम 4 जोड़ा है। इसमें साफ किया गया है कि अगर किसी नगरीय निकाय में कोई महिला जनप्रतिनिधि चुनाव जीतती हैं, तो उनके परिवार का कोई सदस्य उनके नाम पर प्रतिनिधि बनकर काम नहीं कर सकेगा।

### महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने अधिसूचना जारी होने पर इसे महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि अब महिला जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र से जुड़े फैसले खुद लेंगी। वे बैठकों में खुद शामिल होंगी और अपने क्षेत्र की कार्ययोजना भी तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि अब तक कई जगह 'एसपी पति', 'जेपी पति' और 'पार्षद पति' जैसे संबोधन सुनने को मिलते थे। अब महिला जनप्रतिनिधि खुद अपने पद की जिम्मेदारी निभाएंगी। वे बैठकों में शामिल होंगी, अपने क्षेत्र की जरूरतों को समझेंगी और जनता से जुड़े फैसले खुद लेंगी। उन्होंने इसे महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सत्ता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हंगामे के बीच बिना बहस पास हुआ ट्रिब्यूनल सुधार बिल 2026

नई दिल्ली। लोकसभा ने सोमवार को ट्रिब्यूनल सुधार बिल, 2026 को बिना किसी बहस के पारित कर दिया, क्योंकि विपक्षी सदस्य 20 जुलाई को नीट पेपर लीक के खिलाफ हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर सदन में नारेबाजी कर रहे थे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा दिन में यह बिल पेश किए जाने के बाद हंगामे के बीच ही इसे पारित कर दिया गया।

विपक्ष ने प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई पर जवाब मांगते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सदन में मौजूदगी की मांग की थी। कई विपक्षी सांसदों ने बिल को पेश किए जाने के चरण में इसका विरोध करने के लिए नोटिस भी दिए थे। हालांकि नारेबाजी के बीच कार्यवाही जारी रहने के चलते वे अपनी बात नहीं रख सके।

इस प्रस्तावित कानून का मकसद ट्रिब्यूनल्स को नियंत्रित करने वाले ढांचे में बड़ा बदलाव लाना है, ताकि उनके अध्यक्षों और सदस्यों की योग्यता, नियुक्ति प्रक्रिया और सेवा शर्तों में



एकरूपता लाई जा सके। बिल का एक अहम प्रावधान नेशनल ट्रिब्यूनल्स कमीशन के गठन का प्रस्ताव है। इस आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा और इसे विभिन्न ट्रिब्यूनल्स के अध्यक्षों और सदस्यों के चयन व नियुक्ति की निगरानी के लिए एक स्वतंत्र संस्थागत तंत्र के रूप में परिकल्पित किया गया है। इस प्रस्तावित आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे, जिनमें एक अध्यक्ष, दो न्यायिक सदस्य और दो तकनीकी सदस्य शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश या किसी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश को इस आयोग का प्रमुख बनने के लिए पात्र माना जाएगा।

### नियुक्तियों की निगरानी करेगा नेशनल ट्रिब्यूनल्स कमीशन

प्रस्तावित नेशनल ट्रिब्यूनल्स कमीशन का उद्देश्य ट्रिब्यूनल्स के कामकाज के लिए एक साझा संस्थागत ढांचा उपलब्ध कराना है। इसकी जिम्मेदारियों में ट्रिब्यूनल्स के अध्यक्षों और सदस्यों के चयन व नियुक्ति की प्रक्रिया की निगरानी करना शामिल होगा। सरकार ने इस ढांचे को ट्रिब्यूनल्स के कामकाज में दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ स्वतंत्रता, पारदर्शिता और निरंतरता को बढ़ावा देने वाले कदम के रूप में पेश किया है। यह बिल विभिन्न ट्रिब्यूनल ढांचों में बिखरी हुई योग्यता और सेवा से जुड़ी शर्तों के बजाय नियुक्तियों के लिए सामान्य मानक स्थापित करने का भी प्रयास करता है। यह प्रस्तावित कानून ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 की न्यायिक समीक्षा की पृष्ठभूमि में लाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के कानून के कुछ प्रावधानों को रद्द कर दिया था, यह पाते हुए कि वे शक्तियों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### शांति भंग करने वाले गुंडा बदमाश लालबाग पुलिस के हत्थे चढ़े



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वाले गुंडे बदमाशों को धरदबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि 10 अगस्त को क्षेत्र के गुंडा बदमाश हिस्ट्रीशीटर धँस धनशु उर्फ बटई यादव पिता शिव कुमार यादव उम्र 24 वर्ष ग्राम रामपुर के द्वारा ग्राम में गांव के लोगों के साथ वाद विवाद कर रहा था। इस पर पुलिस द्वारा उक्त बदमाश को शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर तथा पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### आज जिला स्तरीय मिनीमाता स्मृति दिवस व महिला सम्मान समारोह



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. में ममतामयी महतारी के नाम से प्रख्यात प्रदेश की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की गुरूमाता स्व. मिनीमाता की 54वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को जिला सतनामी सेवा समिति जी.ई. रोड राजनांदगांव में आयोजित है। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढिरहेर एवं कमल कुमार लहरे महामंत्री ने संयुक्त रूप से बताया। 11 अगस्त को सुबह 11 बजे मिनीमाता जी की आदमकद प्रतिमा पर पूजा आरती एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे चौका आरती, दोपहर 3 बजे महाप्रसादी एवं जिले भर के उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित है। इस अवसर पर सभी सतनामी समाज के संरक्षकगण, पूर्व पदाधिकारीगण, सभी ब्लाक अध्यक्ष, समाज के वरिष्ठगणमान्य प्रबुद्धजन महिला संगठन को इस कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई है। उक्त जानकारी जिला सतनामी सेवा समिति के महिला उपाध्यक्ष प्रतिमा बंजारे ने दी।

### आरटीई अंतर्गत लॉटरी के माध्यम से चयन 14 अगस्त को

राजनांदगांव (दावा)। ऑनलाईन आरटीई के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत 2026-27 हेतु प्रवेश की कार्रवाई के संबंध में तृतीय एवं अंतिम चरण की समय-सारणी जारी की गई है। इसके तहत ऑनलाईन लॉटरी व काउंसलिंग के माध्यम से 10 से 14 अगस्त 2026 तक चयनित बच्चों की सूची (आबंटन) जारी किया जाएगा। जिसके लिए 14 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में आरटीई अंतर्गत तृतीय चरण में प्राप्त आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।

### ठप पड़े सड़क निर्माण को लेकर शुभम वैष्णव ने उठाई आवाज



राजनांदगांव (दावा)। गठुला-भेड़ीकला-भाठागांव मुख्य मार्ग के गठुला से भाठागांव तक लगभग सड़क निर्माण कार्य पिछले करीब छह माह से बंद होने के मामले को लेकर ग्राम भाठागांव के शुभम वैष्णव ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। शुभम वैष्णव ने बताया कि फरवरी माह में सड़क निर्माण के नाम पर मार्ग को उखाड़ दिया गया था, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। लंबे समय से सड़क अधूरी एवं बदहाल स्थिति में पड़ी होने के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों, स्कूली शिक्षकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़क पर कीचड़, गड्ढे एवं जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने तथा संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. रमन सिंह ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि वे आज ही संबंधित विभाग से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे, ताकि लंबे समय से बंद पड़े सड़क निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराया जा सके। शुभम वैष्णव ने कहा कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवश्यकताओं से जुड़ा महत्वपूर्ण मार्ग है। लंबे समय से निर्माण कार्य बंद रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। जनहित से जुड़े इस विषय को लेकर संबंधित विभाग से लगातार संपर्क कर सड़क निर्माण शीघ्र शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
07th Aug To 13th Aug 2026



DC The Bloody Valentine - 12:00, 03:00 & 09:00 pm
Spider Man Brand New Day (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30, 09:30 pm
Jaan Lebe Ka (C.G)- 12:15pm & 03:15pm
Jan Neta - 06:00 & 09:15 pm
Dhamaal 4 - 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी धमाका
शानदार दूसरा सप्ताह
जान लेबे का
मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# दिग्विजय स्टेडियम में राज्य स्तरीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का भव्य समापन

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और सांसद संतोष पांडे रहे मौजूद

### अतिथियों ने बच्चों के साथ खेला शतरंज, विजेताओं को बांटे पुरस्कार



राजनांदगांव (दावा)। शहर के दिग्विजय स्टेडियम में एलिगेंट कॉमर्स एवं आईटी कॉलेज राजनांदगांव तथा एनआरसीए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव तथा सांसद संतोष पांडे उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 125 बाल-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में अतिथियों ने सबसे पहले बच्चों के बीच चल रही शतरंज प्रतिस्पर्धा का अवलोकन किया। इस दौरान अतिथि खुद को रोक न सके और बच्चों के साथ शतरंज की बाजियां खेलीं, जिससे नन्हे खिलाड़ी बेहद उत्साहित नजर आए।

#### बालिका खिलाड़ी देश-दुनिया में रोशन करेंगी नाम- अरुण साव

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने बड़ी संख्या में शामिल हुई बालिका खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की बेटियां लगातार देश और दुनिया में शहर का नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में शतरंज के खेल से भी बालिकाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम जरूर रोशन करेंगी।

#### किरण अग्रवाल का उदाहरण देकर बढ़ाया उत्साह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि राजनांदगांव की ही किरण अग्रवाल ने शतरंज के खेल के माध्यम से पूरी दुनिया में ख्याति प्राप्त कर शहर का नाम ऊंचा किया है। इसके बाद डॉ. रमन सिंह ने बालिका खिलाड़ियों के साथ शतरंज की चालें चलकर प्रतियोगिता का औपचारिक समापन किया।

#### 2.21 करोड़ की राशि स्वीकृति के लिए जताया आभार

स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल एवं सहसचिव योगेश बागड़ी ने दिग्विजय स्टेडियम के उत्थान हेतु हाल ही में स्वीकृत 2 करोड़ 21 लाख रुपए की राशि जारी करवाने के लिए डॉ. रमन सिंह और खेल मंत्री अरुण साव का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने खेल मंत्री से स्टेडियम के विकास के लिए अन्य प्रशासकीय स्वीकृतियां प्रदान करने का अनुरोध किया, ताकि भविष्य में रणजी ट्रॉफी जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी की जा सके। सांसद संतोष पांडे ने भी आश्वस्त किया कि स्टेडियम में खेलों के विकास हेतु जो भी प्रस्ताव आएगा, उसे प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

#### अतिथियों और विजेताओं का सम्मान

समारोह के अंत में अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेता बालक व बालिका खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। वहीं, एलिगेंट कॉलेज की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्टेडियम सचिव रमेश पटेल, सहसचिव योगेश बागड़ी, एलिगेंट कॉलेज अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, सचिव राजेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल, नंदकिशोर सोनी, बलवीर बग्गा, सुदेश चौरसिया, राजेश बागड़ी, प्राचार्य अशोक जोशी, स्टेडियम प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर, सहायक प्रबंधक तीरथ गोस्वामी एवं प्रतियोगिता प्रभारी/कोच रामप्रसाद पाल ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने तथा आभार प्रदर्शन सुनील अग्रवाल ने किया। उक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य अशोक जोशी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### सुरेश गुप्ता का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्व. गणेश प्रसाद गुप्ता के सुपुत्र सुरेश गुप्ता जी (उम 76 वर्ष) का देर रात हृदय गति रुकने से असमय निधन हो गया। वे राजेश गुप्ता (अग्रहरि) के बड़े भाई तथा आशीष गुप्ता, मोहनीश गुप्ता एवं एक सुपुत्री प्रीति के पिता थे। उनके असमय निधन की खबर से परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 2 बजे वैशाली नगर स्थित निज निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### समारु राम दीपक का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सुरगी निवासी समारू राम दीपक पिता दुकालु राम दीपक (79) का आज रात लगभग 9 बजे निधन हो गया। दिवंगत समारू राम दीपक पत्रकारिता से जुड़े रहे एवं बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता भी रहे हैं। विभिन्न समाचार पत्रों की एजेंसी भी उनके पास रही है। दिवंगत श्री दीपक ने अपने पीछे तीन पुत्रों और दो पुत्रियों सहित नाती -पोतों का भरापुरा परिवार छोड़ा है। उनकी अंतिम यात्रा कल 11 अगस्त को उनके निज निवास सुरगी से निकाली जाएगी।

# भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 11 अगस्त को छुरिया में होगा चक्काजाम-रितेश जैन



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रितेश जैन ने कहा कि छुरिया क्षेत्र की बदहाल सड़कें भाजपा सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रही हैं। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाली भाजपा सरकार आज जनता को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कें इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि हर दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। किसान, छात्र, व्यापारी, कर्मचारी और आम नागरिक वर्षों से परेशानी झेल रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन केवल आश्वासन देने में व्यस्त हैं। अनेक बार मांग उठाने और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रितेश जैन ने कहा कि जब सरकार जनता की आवाज़ सुनना बंद कर देती है, तब लोकतांत्रिक आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचता है। इसी उद्देश्य से आज आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 अगस्त 2026 (मंगलवार) को छुरिया में शांतिपूर्ण चक्काजाम किया जाएगा।

उन्होंने भाजपा सरकार से सवाल किया कि आखिर जनता को अपनी ही सड़क के लिए सड़क पर उतरने की नौबत क्यों आई? करोड़ों रुपये के विकास के दावों के बावजूद छुरिया की जनता बदहाल सड़कों पर चलने को क्यों मजबूर है? यदि सरकार के पास विकास का जवाब है, तो वह जमीन पर दिखाई क्यों नहीं देता? रितेश जैन ने कहा कि यह आंदोलन जनता के अधिकारों और क्षेत्र के विकास के लिए है। यदि इसके बाद भी सरकार नहीं जागी, तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और व्यापक करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार और प्रशासन की होगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता, युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों एवं सभी सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे 11 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करें और जनहित की इस लड़ाई को मजबूत बनाएं।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै, अयस (Ayas) S/O श्री विनोद कुमार (Vinod Kumar) निवास स्थान GANESH WARD NO. 8, KALKAPARA, DONGARGARH, Rajnandgaon, 491445, Chhattisgarh. यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अयस खाण्डेकर (Ayas Khandekar) S/O श्री विनोद कुमार खाण्डेकर (Vinod Kumar Khandekar) रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम- अयस खाण्डेकर (Ayas Khandekar) S/O श्री विनोद कुमार खाण्डेकर (Vinod Kumar Khandekar) के नाम से जाना पहचाना जाये।

**Ayas Khandekar**
GANESH WARD NO.8, KALKAPARA, DONGARGARH, Rajnandgaon, 491445, Chhattisgarh

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202608092100006-ब/121-वर्ष 2025-26

### // ईश्तहार //

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कमला बाई साहू आ. रामअवतार साहू पति मदनलाल साहू आयु 50 वर्ष जाति-तेली निवासी बजरंग पारा कोहका भिलाई, तहसील-जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम कन्हारगांव प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. डोंगरगढ़, तहसील-डोंगरगढ़ में कृषि भूमि कुल खसरा 06 कुल रकबा 1.4500 हेक्टेयर स्थित हैं, जिसमें खसरा नं. 65, 83 मूल खसरा हैं। आवेदिका की उक्त भूमि आनलाईन रिकार्ड एवं पटवारी रिकार्ड में गलत प्रविष्ठ हो गया हैं एवं मौके में सही हैं। आवेदिका के द्वारा उक्त दोनों खसरा की भूमि का विधिवत् सीमांकन किया गया हैं जो मौके के आधार पर सही होना पाया उस आधार पर आवेदिका के द्वारा उक्त भूमि खसरा राजस्व रिकार्ड में नक्शा सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.08.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **संतोषी बाई कौशिक पति-अशोक कुमार कौशिक** जाति-नाई निवासी ग्राम केशालडबरी, मकान नं. 33, वार्ड नं.11 तह. अं.चौकी जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **बिन्नू Binnu** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **संतोषीबाई कौशिक SANTOSHIBAI KAUSHIK** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **बिन्नू Binnu** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **संतोषीबाई कौशिक SANTOSHIBAI KAUSHIK** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी, दिनांकः-07/08/2026

आवेदिका
**संतोषी बाई कौशिक**
निवासी ग्राम केशालडबरी
तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **याज्ञनिक पिता-जनकराम मंडावी** जाति-गौड़ निवासी ग्राम खोर्राटोला, मकान नं.36, वार्ड नं.12, तह. कुमरदा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **याजनिक मंडावी Yajnika Mandavi** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **याज्ञनिक YAGYANIK** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **याजनिक मंडावी Yajnika Mandavi** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **याज्ञनिक YAGYANIK** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी, दिनांकः-07/08/2026

आवेदिका
**याज्ञनिक**
निवासी - ग्राम खोर्राटोला
तह. कुमरदा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **पूनम आ. कमलेश सलामे** जाति-गोड़ निवासी ग्राम कुम्हली, कौडीकसा मकान नं. 23, वार्ड नं.13, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **Punam Salame पूनम सलामे** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **POONAM पूनम** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **Punam Salame पूनम सलामे** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **POONAM पूनम** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-03/08/2026

आवेदिका
**पूनम**
निवासी ग्राम कुम्हली
तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **पन्नालाल पिता-महरसिंह** जाति-गोंड़ निवासी-हांडीटोला कास्तकार ग्राम- एडमागोंदी, वार्ड नं.10, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से ग्राम एडमागोंदी तह. अं. चौकी, प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. चिल्हाटी में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त राजस्व रिकार्ड में नाम स्थान पर दुवारू ना.बा. अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में नाम के स्थान पर **पन्नालाल PANNALAL** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए मेरे नाम से बना राजस्व रिकार्ड में नाम के स्थान पर **दुवारू** ना.बा. अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **पन्नालाल PANNALAL** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-07/08/2026

आवेदिका
**पन्नालाल**
निवासी- ग्राम एडमागोंदी
तह. अं. चौकी,जिला-मो.मा.अं. चौकी

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **बालमुकुन्द मंडावी पिता-घनियार** जाति-गोड़ निवासी ग्राम-पेन्दलकुही मकान नं. 122, वार्ड नं.08 तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूँ। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें पिता के नाम के स्थान पर **घनिराम Ghaniram** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पिता के नाम से जारी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में नाम के स्थान पर **घनियार मंडावी GHANIYAR MANDAVI** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए मेरे आधार कार्ड में पिता के नाम के स्थान पर **घनिराम Ghaniram** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **घनियार मंडावी GHANIYAR MANDAVI** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः अं. चौकी, दिनांकः-07/08/2026

आवेदिका
**घनियार मंडावी**
निवासी-ग्राम पेन्दलकुही
तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

## // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **हेमिनबाई तीरथराम सहाडे पति-तीरथराम सहाडे** जाति-कंवर निवासी ग्राम पीपरखार मकान नं. 22, वार्ड नं.04, तह. अं.चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **Hemitabai Tirathram Chandravanshi हेमिताबाई तीराठ्म चंद्रवंशी** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी निर्वाचन कार्ड व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **Heminabai Tirataram Sahade हेमिनबाई तीरथराम सहाडे** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **Hemitabai Tirathram Chandravanshi हेमिताबाई तीराठ्म चंद्रवंशी** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **Heminabai Tirataram Sahade हेमिनबाई तीरथराम सहाडे** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं. चौकी, दिनांकः-07/08/2026

आवेदिका
**हेमिनबाई तीरथराम सहाडे**
निवासी ग्राम पीपरखार
तह. अं. चौकी जिला- मो.मा.अं. चौकी

## शुभांक

अनुमानित

बी. के.
3-5-7
138-2 123-6
राजधानी
2-6-8
577-9 234-9

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# इंटर्न डॉक्टरों की हड़ताल का छठवां दिनः स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, एबीवीपी ने दिया समर्थन



### रक्तदान शिविर और नुक्कड़ नाटक के जरिए जताया विरोध

### ओपीडी, इमरजेंसी व कैजुअल्टी सेवाओं का बहिष्कार जारी, मरीज हो रहे परेशान

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) राजनांदगांव में इंटर्न डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल छठवें दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण पूर्व की भांति सोमवार को भी इंटर्न डॉक्टरों ने ओपीडी, इमरजेंसी ड्यूटी और कैजुअल्टी सहित तमाम चिकित्सकीय सेवाओं का पूर्ण बहिष्कार किया। इसका सीधा असर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और दूर-दराज से आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। मरीजों को डिस्चार्ज प्रक्रिया से लेकर प्राथमिक इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। हड़ताल पर बैठे इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वे लगातार शासन-प्रशासन से अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील कर रहे हैं। उनकी मांगें पूरी तरह से न्यायोचित और जायज हैं, जिस पर सरकार को अविलंब सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

#### एबीवीपी ने दिया पूर्ण समर्थन

आंदोलन के छठवें दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छत्तीसगढ़ इकाई ने भी हड़ताल स्थल पहुंचकर इंटर्न डॉक्टरों की मांगों का पूर्ण समर्थन किया। डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज व अस्पताल परिसर के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज बुलंद की।

#### सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई

प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर आम जनता को अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। इसके साथ ही हड़ताल के बीच मरीजों की मदद के लिए डॉक्टरों ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया, ताकि जरूरतमंदों को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी हो सके।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं नंद किशोर सुरजन (Nand Kishore Surjan) आ. श्री विठ्ठलदास सुरजन (Vitthaldas Surjan), निवास स्थान- S/o. Vitthaldas Surjan, 173, Ramadhin Marg, Ward No. 24, Rajnandgaon, Chhattisgarh, Pin Code 491441, यह शपथ करता हूं कि मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम नंदकिशोर सुरजन (Nandkishor Surjan) आ. श्री विठ्ठलदास सुरजन (Vitthaldas Surjan) रख लिया हूं। अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम नंदकिशोर सुरजन (Nandkishor Surjan) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**नंदकिशोर सुरजन**
**(Nandkishor Surjan)**
H.No. 173, Ramadhin Marg,
Ward 24, Rajnandgaon (CG)
Pin code 491441

## NAME CHANGE

BE IT KNOWN IN GENERAL THAT IN MY SCHOOL MARKSHEET MY NAME MENTIONED BARSHA KHANDELWAL AND IN MY AADHAR CARD MY NAME MENTIONED VARSHA KHANDELWAL. IN FUTURE I TO BE KNOWN AS VARSHA KHANDEWAL.

**VARSHA KHANDELWAL**
(W/O- SURAJ KHANDELWAL)
H/NO. 419, LAKHOLI ROAD,
WARD NO. 43, RAJNANDGAON
DISTT. - RAJNANDGAON
491-441 (C.G.)

## ।। आम सूचनामय आपत्ति ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक **06/08/2026** को श्री चनप्रीत आ. इंद्रजीत बग्गा द्वारा दैनिक समाचार-पत्र ''सबेरा संकेत'' में एक आम सूचना प्रकाशित किया था, जिसके अनुसार उनके द्वारा शीला वर्मा आ. प्रीतराम वर्मा निवासी (प्रगति क्लब स्पोर्ट्स) भिलाई व अन्य 02 भागीदार से खसरा नंबर **185** एवं **468/3** कुल रकबा **1.74** एकड़ का सौदा होने तथा उक्त भूमि शहर से सुकुलदैहान जाने वाली पक्की सड़क से लगी है, जिसका फ्रंट **115** फीट होना लेख किया गया है।

कि, मुझ भूमिस्वामी पवन कुमार वाधवा आ. गिरधारी लाल वाधवा निवासी-लालबाग सिंधी कॉलोनी, शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव के स्वामित्व एवं आधिपत्य तथा कब्जे में ग्राम-लिटिया, प.ह.नं.-30 रा.नि.मं.-सुकुलदैहान, तहसील व जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर **469/1** शामिल **469/3, 469/2, 469/4, 469/5, 469/6, 471/1, 472/1, 473, 476/2** रकबा क्रमशः **0.4860** हे., **0.4050** हे., **0.2020** हे., **0.0890** हे., **0.0730** हे., **0.1250** हे., **0.5260** हे., **0.6320** हे., **0.6880** हे. कुल खसरा नंबर **09** कुल रकबा **3.2260** हे. दर्ज व स्थित है।

कि, न्यायालय श्रीमान् नायब तहसीलदार राजनांदगांव के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202607095800024 अ/12 वर्ष 2025-26 में संलग्न सीमांकन प्रतिवेदन दिनांक **20/06/2026** में शीला वर्मा आ. प्रीतराम वर्मा के भूमि खसरा नंबर **468/3** रकबा **0.6230** हे. में से रकबा **0.0060** हेक्टेयर भूमि पर उत्तर-पश्चिम कोना में मेरे द्वारा सीमेन्ट पोल लगाकर जबरन कब्जा बताया गया है, जबकि मेरे द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त वर्णित स्व-अर्जित खरीदी हक की भूमि जिसमें मैं भूमि क्रय तिथि से आज पर्यन्त निर्विवाद रूप से काबिज रहा हूं, पर जबरन अवैध कब्जा बताया गया है। मैं अपने स्वामित्व की भूमि पर पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय सभी भूमि पर निर्विवाद रूप से कब्जे में रहा हूं मेरे द्वारा शीला वर्मा की भूमि पर कोई बेजा कब्जा नहीं किया गया है।

अतः सीमांकन प्रतिवेदन अनुसार वर्तमान में भूमि पर सीमा विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। सीमांकन प्रतिवेदन में राजस्व निरीक्षक महोदय द्वारा शीला वर्मा के भूमि खसरा नं. **468/3** रकबा **0.623** हे. के फ्रंट भाग के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी तथ्य प्रतिवेदित नहीं किया है तथा रकबा **0.0060** हे. भूमि पर जबरन मेरा अवैध कब्जा होना प्रतिवेदित किया गया है। इसलिए भूमि संबंधित विवाद की स्थिति निर्मित होने के कारण मेरे द्वारा सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जावेगा। सूचना जानें।

स्थानः-राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक - **10/08/2026**.

**(पवन कुमार वाधवा)**
**आ. गिरधारी लाल वाधवा**
पता-लालबाग, सिंधी कॉलोनी, शहर, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.), मोबाइल नंबर - **9425517750**

## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-राजनांदगांव

### // निविदा सूचना //

राजनांदगांव, दिनांक 07-08-2026

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक / एफ-10-10/2018/वाक.(आब)/पांच/2024 नवा रायपुर दिनांक **07.03.2018** एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/ आब./ ठेका/2024/4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक **24.06.2024** के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारंभ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाड़े पर दुकान/परिसर लेने बाबत् कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फायनेंसियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान सहदेव नगर (आम्बेडकर चौक) को नगर निगम सीमा क्षेत्र के भीतर आपत्तिरहित स्थल पर स्थानांतरित किया जाना है। उक्त प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान आबकारी राजस्व सुरक्षा तथा वाणिज्यिक दृष्टिकोण से जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्ते एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक **24/08/2026** तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **25/08/2026** को **12.00** बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक **25/08/2026** को **1.00** बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक आयुक्त आबकारी**
**हेतु कलेक्टर, राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी-262702677/2

# गोल बाजार में बनकर तैयार सुलभ शौचालय, उद्‌घाटन की देख रहा राह

## पुराने जर्जर सुलभ शौचालय में कीचड़ दलदल का अंबार, लोगों को हो रही परेशानी




**राजनांदगांव (दावा)।** रानी सूर्यमुखी वार्ड नं0 25 के अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्केट गोल बाजार पिछले कई वर्षों में सुलभ शौचालय नहीं होने का दंश झेल रहा है। पहले मस्जिद के बगल में स्थित रहे सुलभ शौचालय अपने गंदगी के कारण बंद पड़ी रहती थी। इससे सब्जी पसरा लगाने वाली महिलाओं व अन्य लोगो को प्रसाधन को लेकर खासी परेशानियो का सामना करना पड़ता था। लोगों की परेशानियों को देखते हुए बाजार के अंदर नया सुलभ शौचालय बनाया गया है लेकिन पूरा बनने के बाद भी उसका उद्घाटन नहीं किया जा रहा है। इससे लोगों के सामने सुलभ शौचालय को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है। बता दें सब्जी बाजार का पुराने सुलभ शौचालय कीचड़ और गंदगी से पटा पड़ा है। इसके चलते लोग उधर जाने की हिम्मत नहीं कर पाते। वर्तमान में सब्जी पसरा गोल बाजार में सुलभ शौचालय जो कि निर्माणाधीन होकर काफी समय से बंद पड़ा है सब्जी बेचने वालों को मल, मूत्र त्यागने की आवश्यकता होती है तो उन्हें इसके लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद व कांग्रेसी युवा नेता ऋषि शास्त्री ने बताया कि उक्त नव निर्मित सुलभ का गंदा पानी निकासी को उल्टे दिशा में बना दिए जाने के कारण उसके उद्घाटन में अनावश्यक देरी हो रही है। नगर निगम के इंजीनियर ठेकेदार को गन्दा पानी निकासी के लिए उंचाई या निचले हिस्से के बारे में संभवतः ठीक से समझा नहीं पाए। अब जब सुलभ शौचालय बन कर लगभग तैयार है तो शौचालय का गंदा पानी निकासी उसके उद्घाटन के आड़े आ रहा है। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र के सब्जी बेचने वाले बाजार में सुलभ शौचालय की सुविधा नहीं होने को लेकर जब तब शिकायत करते रहते हैं। खास कर महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी बनी हुई है।

शहर के जागरूक नागरिक एवं भूतपूर्व सैनिक गुरुमीत सिंह भाटिया ने बताया कि लोगों के उक्त बुनियादी सुविधा के लिए नगर निगम को प्राथमिकता के आधार पर वरियता देनी चाहिए, यदि सुलभ शौचालय में किसी प्रकार की तकनीकी खामियां है, जिसके कारण सुविधा नहीं दी जा रही है, तब विकल्प के लिए चलित शौचालय वाहन की वयवस्था बनाई जाऐ एवं गंदगी जो हमेशा अधिक रहती है प्रतिदिन ब्लीचिंग पावडर डालकर सफाई की जाऐ, जिससे मक्खी, मच्छर, आदि कीटाणु पनपने ना पाऐ एवं बदबू से बचा जा सके। बता दें कि इस वार्ड के पार्षद रहे शरद सिन्हा की धर्मपत्नी वर्तमान में इस वार्ड की पार्षद हैं इसके बाद भी महिलाएं की परेशानियों को न समझते हुए उक्त सुलभ शौचालय को चालू कराने की दिशा में कुछ भी नहीं कर पा रही और न बाजार अंदर पुराने सुलभ शौचालय के आसपास व्याप्त कीचड़ गंदगी को साफ करने की ओर उनकी नजर जा रही है।

सूर्यमुखी वार्ड नं. 25 के पार्षद प्रतिनिधि शरद सिंन्हा ने बताया कि उक्त इंटरनेशनल सुलभ शौचालय के उद्घाटन की राह में वहां पर के अवैध कब्जे रोड़ा बने हुए हैं। कुछ लोगों ने गोदाम बना कर रास्ते को अवरुद्ध कर दिए हैं इससे आउट लाइन गंदा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो पा रही।अगर इसकी व्यवस्था नहीं की गई तो गंदगी और बदबू से लोग परेशान हो जाएंगे। शीघ्र ही नव आयुक्त को मौका मुआयना के लिए निवेदन कर इंटरनेशनल सुलभ शौचालय की राह में आ रही बाधा अवैध कब्जों को हटवाया जाएगा।

# आईजी अजय यादव और एसपी अंकिता शर्मा ने ली राजनांदगांव पुलिस की समीक्षा बैठक, दिए कड़े निर्देश



**राजनांदगांव (दावा)।** पुलिस महानिरीक्षक (रेंज) अजय यादव (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में जिले के पुलिस अधिकारियों और थाना/चौकी प्रभारियों की उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी मौजूद रहे। आईजी अजय यादव ने जिले के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उनके त्वरित और विधिसम्मत निराकरण के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मई माह से पूर्व के सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और एक वर्ष से अधिक समय से लंबित आपराधिक प्रकरणों, चालान, खात्मा मामलों तथा ब्लाइंड मर्डर जैसे गंभीर अपराधों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में NDPS एक्ट के तहत प्रभावी विवेचना करने और SAFEMA के अंतर्गत नशे के कारोबार से जुड़ी संपत्तियों को फ्रीज करने व जब्ती की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, नए आपराधिक कानूनों और संगठित अपराध से जुड़े प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया।

आईजी की बैठक के उपरांत पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सभी थाना प्रभारियों की पृथक बैठक ली। एसपी ने विवेचना के स्तर में सुधार लाने, गंभीर और संवेदनशील मामलों में व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखने तथा अवैध प्रवासियों व संदिग्ध व्यक्तियों का नियमित सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस विभाग में अनुशासन बनाए रखने, विभागीय जांचों का समय पर निराकरण करने और महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर संवेदनशीलता व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। आईजी यादव ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों और प्रार्थियों के साथ पुलिस का व्यवहार अत्यंत शालीन, संवेदनशील और सहयोगात्मक होना चाहिए। साथ ही, आगामी दिनों में कानून-व्यवस्था की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी और पूर्व पुलिस तैयारियां दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई।

# जप्त ठेला तीन दिन के अंदर टांकाघर से ले जावे, अन्यथा होगी नीलामी



**राजनांदगांव (दावा)।** यातायात बांधित करने वाले तथा साफ सफाई प्रभावित करने वाले ठेला खोमचा निगम का अतिक्रमण दस्ता द्वारा जप्त कर टाकाघर परिसर में रखा गया है। जिसे तीन दिवस के अंदर ले जाने निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने संबंधित ठेला मालिकों से अपील की है। ठेला नही ले जाने की स्थिति में निगम द्वारा विधिवत नीलाम की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि सडक किनारे एंव सार्वजनिक स्थलो में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा लगाने से यातायात व्यवस्था में व्यवधान को देखते हुए तथा साफ सफाई प्रभवित होने को ध्यान में रखकर नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता शहर में निरीक्षण कर एंव शिकायत के आधार पर ठेला हटाने की कार्यवाही किये। उक्त ठेला नगर निगम के टाकाघर में रखा गया है। ठेला ले जाने आयुक्त श्री मरकाम ने संबंधित ठेला मालिको से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपील की है, ठेला नही ले जाने की स्थिति में विधिवत नीलामी की जावेगी। तीन दिवस के भीतर संबंधित ठेला मालिक अपना ठेला ले जा सकते है, निर्धारित अवधि के पश्चात नीलाम की जावेगी।

## सतनामी समाज ने किया ज्ञानेश्वरी का सम्मान



**राजनांदगांव (दावा)।** पदमश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित नागरिक सम्मान समारोह में राजनांदगांव शहर की प्रतिभाशाली वेटलिफ्टर खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने स्कॉटलेंट के ग्लासको में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक प्राप्त करने पर जिला सतनामी सेवा समिति के द्वारा साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर ज्ञानेश्वरी यादव का सम्मान किया।

# 'संगीत सरिता' ने सदाबहार गीतों के कार्यक्रम 'सुहानी यादे' की प्रस्तुति दी




**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी के संगीतप्रेमियों की संस्था संगीत सरिता द्वारा सदाबहार गीतों के कार्यक्रम 'सुहानी यादें' का शानदार व सफल आयोजन पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें नगर के नवोदित युवा कलाकारों के साथ ही वरिष्ठ संगीत प्रेमियों द्वारा पुराने अमर व सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई। नगर के महापौर माननीय मधुसूदन यादव, नगर की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था गायत्री गुरूकुल तथा अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर के महापौर मधुसूदन यादव, गायत्री शिक्षण संस्थान के चेयरमेन समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, लायंस क्लब राजनंदगाँव सिटी के अध्यक्ष ला.दीपक जैन, दैनिक दावा के सम्पादक दीपक बुद्धदेव, श्रीमती किरण अग्रवाल के साथ ही विभिन्न समाजों के वरिष्ठ समाजसेवी, पत्रकारगण व संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

नगर के सुप्रसिद्ध संगीत पुरोधा स्व. गिरजा कुमार सिनहा की स्मृति में प्रतिवर्ष सुहानी यादें का यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी अमर पार्श्वगायक गायिकाओं लता मंगेशकर, आशा भोसले, मो. रफी साहब, मुकेश, किशोर कुमार, महेन्द्र कपूर व अन्य महागायकों के साथ ही सुप्रसिद्ध संगीतकारों के कर्णप्रिय व सुमधुर गीतों की प्रस्तुति इस कार्यक्रम में दी गई। वरिष्ठ कलाकार श्रीमती वंदना सिन्हा, अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, मनोज गुप्ता अग्रहरि, प्रो.डॉ.महेश श्रीवास्तव, प्रो.डॉ.नीलू श्रीवास्तव,प्रो.रामकुमारी धुर्वा, इंजी. मनोजओस्तवाल अनामिका बरडिया, इंजी. रजत अग्रहरि, दिगत सिन्हा, कृति बख्शी (छत्तीसगढ़ आइडल), इंजी सन्नीगजभीम. गजानन अग्रवाल एवं साथ ही गायत्री स्कूल की नन्ही प्रतिभावान छात्रा हेमाक्षी साहू ने अपने गायन कौशल तथा मधुर आवाज का जादू बिखेरा। महापौर मधुसूदन यादव ने भी गीत प्रस्तुत कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

नगर के युवा संगीतकार व सुहानी यादें के संगीत संयोजक प्रशांत कुशवाहा ने अपने कर्णप्रिय संगीत से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। तबला ढोलक पर क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी, छत्तीसगढी फिल्मों के श्रेष्ठ कलाकार तरूण गढ़पायले, ढोलक और हैंडसोनिक पर रोशन रामटेके, सिंथ पर अमिताभ पॉल, योगेश ठावरे, ऑक्टोपैड पर चिंटू (भिलाई), योगेश ठावरे, सिद्धांत मेश्राम, गिटार पर तेजस ने अपने वादनकौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। संगीत सरिता के सदस्यों ने अपने संरक्षक, मार्गदर्शक तथा अनन्य सहयोगी स्व. सतीश जी चितलांग्या तथा स्व. डॉ.एन.के. मिश्रा को स्मरण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं शारदा संगीत समिति के संस्थापक स्व.श्री द्वारिका नाथ बाजपेई जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शानदार संचालन प्रसिद्ध मंच संचालक शरद श्रीवास्तव, कु. प्रज्ञा बाम्बेश्वर तथा कु. दिव्या शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सदाबहार फिल्मों.. फूल बने अंगारे, धरती कहे पुकार के, आराधना, दो रास्ते, अनपढ़, तीसरी मंजिल, 1942, लव स्टोरी, जवानी दीवानी, दिल तो पागल है, DDLJ, दिल एक मंदिर, कन्यादान, तथा.... के साथ ही अनेकों फिल्मों के कर्णप्रिय गीत प्रस्तुत किये गए। साउंड सिस्टम पुनेंद्र साहू ने संभाला। उपरोक्त जानकारी अधिवक्ता राजकुमार शर्मा तथा मनोज गुप्ता अग्रहरि ने दी है।

## पहला कॉलम...

### सच कड़वा नहीं होता बल्कि हमारी भाषा ही कड़वी होती है - मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी



**राजनांदगांव (दावा)।** खत्तर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज यहां कहा कि लोग बोलते हैं कि सच कड़वा होता है किंतु सच कड़वा नहीं होता बल्कि हमारी भाषा ही कड़वी होती है। हमें सच बोलना चाहिए किंतु मर्यादित भाषा में ताकि किसी को दुख न पहुंचे। उन्होंने कहा कि सच बोलो तो काफी अच्छा है किंतु जहां झूठ बोलने की नौबत आती है, वहां मौन रहना ही बेहतर है। ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में आज अपने नियमित प्रवचन के दौरान मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि हमें हमेशा सच ही बोलना चाहिए। हम दिन भर में पता नहीं कितना झूठ बोलते हैं। उन्होंने वासुदेव राजा का उदाहरण देते हुए कहा कि एक झूठ ने उन्हें सातवें नरक में पहुंचा दिया तो पता नहीं हम कितना झूठ बोलते हैं। दस में से एक झूठ ही हम मजबूरी में बोलते हैं, शेष हम अपनी इच्छा से बोलते हैं। उन्होंने कहा कि झूठ बोलने से बचो। हमेशा सच बोलो। उन्होंने कहा कि भले ही सच कड़वा लगे लेकिन सच बोलने वाले पर लोगों का भरोसा बढ़ता है, जबकि झूठ बोलने वाला भले ही मीठा बोले किन्तु वह कभी लोगों का विश्वासपात्र नहीं बन सकता। झूठ बोलकर कर्म बंधन मत बांधिए। मुनिश्री ने कहा कि खुद का कर्जा बढ़ाकर दूसरों का कर्ज उतार रहे हो तो यह समझदारी नहीं है।

### जीवन का उपहार अंगदान कार्यक्रम में गायत्री विद्या मंदिर के बच्चों का प्रदर्शन



**राजनांदगांव (दावा)।** उदयाचल के तत्वावधान में आयोजित जीवन का उपहार अंगदान जागरूकता कार्यक्रम में गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंगोली, चित्रकला, कविता, भाषण के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्यक्रम किये और अनेक पुरस्कार बटोर कर विद्यालय और माता-पिता को गौरवान्वित किया। जूनियर वर्ग में ओजस्वनी यादव ने कविता की शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियाँ बटोरी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंगदान को रंगोली के सात रंग में उकेरकर साक्षी साहू प्रथम, एस रश्मि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में तुशिता प्रथम, सीनियर वर्ग रंगोली में कशिश चंदेल और अंजलि साहू द्वितीय स्थान प्राप्त किये। भाषण में हितेश तिवारी ने बाजी मारी। उदयाचल आयोजन समिति द्वारा विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सास्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गाँधी, डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं समस्त शिक्षकगणों ने विजेता बच्चों को बधाई दी।

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शहीद परिवारों का किया गया सम्मान



**राजनांदगांव (दावा)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के मार्गदर्शन में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर के नेतृत्व में जिलेभर में 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत भाजयुमो के विभिन्न मंडलों द्वारा देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों के परिवारों से आत्मीय भेंट कर उन्हें तिरंगा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तुमड़ीबोड़ मंडल द्वारा मारगांव में शहीद रामकुमार पटेल जी, आलीखूंटा में शहीद जगत कंवर एवं खपरीकला में शहीद धनेश्वर यादव जी के परिवारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला भाजयुमो कोषाध्यक्ष यश पारख, मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष तिमेश साहू, महामंत्री सुदीप चंद्रवंशी एवं शत्रुहन वर्मा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिन्हा एवं लिकेश गंधर्व, मंडल मंत्री चेतन पाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष रामनाथ वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य लखन सूर्यवंशी, बूथ अध्यक्ष हेनू राम साहू, पंचराम जी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। डोंगरगढ़ मंडल में तिरंगा यात्रा के दौरान शहीद राजेश कुमार सिंह जी के परिवार को तिरंगा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, महामंत्री शुभम अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकुश गढ़पायले एवं रमेश चक्रधारी, कोषाध्यक्ष रजत कोठारी सहित भाजयुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घुमका मंडल के ग्राम मुरमुंदा में शहीद नीरज शर्मा जी के परिवार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री जनक साहू, भाजयुमो अध्यक्ष अक्षय पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री गोविंदा सेन, उपसरपंच अनिल यादव, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष काशीराम साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आयुष कुमार, मीडिया प्रभारी टीकेंद्र, सरपंच दिलीश्वर वर्मा एवं हेमंत वर्मा उपस्थित रहे। कुमरदा मंडल के ग्राम पतोरा में शहीद टोमन सिंह ओटी जी के परिवार को तिरंगा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सभापति गोपाल सिंह भुआर्य, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनदयाल साहू, जनपद सभापति राधे लाल जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू, कपिल बघेल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष साहू सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। छुरिया मंडल द्वारा ग्राम तेंदूटोला में शहीद स्व. सोहन लाल कतलाम जी एवं गोटाटोला में स्व. घनश्याम जी के परिवारजनों से भेंट कर राष्ट्रध्वज तिरंगा, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला मंत्री स्वपनिल पटेल, मंडल अध्यक्ष कुश कुंभकार, महामंत्री मुकेश मंडावी, दिग्विजय मंडावी एवं तोमन जनबंधु उपस्थित रहे। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने कहा कि देश की रक्षा और राष्ट्र की अखंडता के लिए वीर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनका त्याग और बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। शहीद परिवारों का सम्मान करना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान की अभिव्यक्ति है। भाजयुमो सदैव शहीद परिवारों के साथ खड़ा रहेगा।

# जिला मुख्यालय मोहला में उत्साह के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**मोहला (दावा)।** सर्व आदिवासी समाज मोहला ब्लॉक के बैनर तले गोंडवाना भवन मोहला में विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व बस स्टैंड मोहला स्थित वीरांगना लालश्याम शाह महाराज जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात गोंडवाना भवन के प्रांगण में मोहला ब्लॉक के विभिन्न जनप्रतिनिधियों व समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति में अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष तुलाराम पिस्दा, ध्रुववंशी गोंड समाज के अध्यक्ष नरेंद्र नेताम, कंवर समाज के अध्यक्ष लगनूराम चंद्रवंशी, हल्बा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष मोचीराम चुरेंद्र, गोंड समाज के कार्यकारी अध्यक्ष नोहरूराम कुमेटी, उरांव समाज के अध्यक्ष आशीष केरकट्टा, गोंड समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीत ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी तथा राजकुमार लाल लक्ष्मेंद्र शाह ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के युवक-युवतियों द्वारा पारंपरिक रैला पाटा एवं आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके बाद समाजजनों द्वारा नगर भ्रमण निकाला गया, जिसमें मांदरी नृत्य की थाप और विश्व आदिवासी दिवस के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

# मध्यप्रदेश निर्मित 25 पेटी गोवा व्हिस्की के साथ बोलेरो जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**खैरागढ़ (दावा)।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केसीजी जिले की गातापार पुलिस को शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाकेबंदी कर मध्यप्रदेश निर्मित 25 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब ले जा रही एक बोलेरो गाड़ी को जब्त किया है। शराब तस्करों ने चेकिंग से बचने के लिए वाहन पर फर्जी तरीके से 'पुलिस' की नेम प्लेट लगा रखी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि 'पुलिस' लिखी एक बोलेरो गाड़ी में दो व्यक्ति अवैध शराब की पेटियां भरकर गातापार की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर गातापार पुलिस ने तत्काल चेकिंग पॉइंट लगाकर संदिग्ध बोलेरो को रोकवाया। तलाशी लेने पर वाहन के भीतर से 25 पेटी (225 बल्क लीटर) मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की बरामद की गई। आरोपियों अंकित कुमार नामदेव (35 वर्ष), पिता आनंद कुमार नामदेव, निवासी बीएनके (दण्डकारण्य वार्ड) कॉलोनी, कोण्डागांव, शुभम सरकार (30 वर्ष), पिता रूपकुमार सरकार, निवासी बीएनके (दण्डकारण्य वार्ड) कॉलोनी, कोण्डागांव से शराब के परिवहन व बिक्री के वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पुलिस चेकिंग से बचने और चकमा देने के उद्देश्य से ही बोलेरो पर पुलिस लिखवा रखा था। आरोपी शराब की इस खेप को कोण्डागांव ले जाकर खपाने की फिराक में थे। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 1.50 लाख रुपए मूल्य की 225 बल्क लीटर शराब, 5 लाख रुपए मूल्य का बोलेरो वाहन तथा 12 हजार रुपए मूल्य के 3 मोबाइल फोन, कुल जुमला कीमत 6,62,000 रुपए का सामान जब्त किया है। गातापार पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 46/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया है तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# जीवनसाथी ऐप के जरिए 1.67 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शादी का झांसा देकर युवती की निजी तस्वीरें वायरल करने की दी थी धमकी, केसीजी पुलिस और साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई, आरोपी को भेजा गया जेल**



**खैरागढ़ (दावा)।** मैरिज पोर्टल 'जीवनसाथी ऐप' के माध्यम से संपर्क कर एक युवती को ब्लैकमेल और ठगी करने वाले आरोपी को छुईखदान पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने युवती की व्यक्तिगत जानकारी और फोटो वायरल करने की धमकी देकर उससे 1,67,000 रुपए ऐंठ लिए थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने जून 2026 में जीवनसाथी ऐप पर अपनी आईडी बनाई थी। इसी ऐप के जरिए उसकी पहचान आरोपी रोहित यादव से हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने पीड़िता से शादी करने का झांसा दिया और उसकी व्यक्तिगत जानकारी तथा फोटो हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने उक्त निजी जानकारी और फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को डराना-धमकाना शुरू कर दिया। ब्लैकमेलिंग से घबराकर पीड़िता ने 6 जुलाई को फोन पे के माध्यम से आरोपी को कुल 1,67,000 रुपए ट्रांसफर कर दिए।

## 8 अगस्त को दर्ज हुई थी रिपोर्ट

ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने शनिवार 8 अगस्त को थाना छुईखदान पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रोहित यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 290/2026, धारा 308(2), 318(4) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## न्यायालय ने भेजा उपजेल सलोनी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी रोहित यादव को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद सोमवार 10 अगस्त को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी रोहित यादव को उपजेल सलोनी (ज्यूडिशियल रिमांड) भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई और आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाने में थाना छुईखदान पुलिस स्टाफ और केसीजी साइबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

# दो दिवसीय उपवास: 4.65 करोड़ मंजूर, फिर भी नहीं रखी नींव

**स्कूल भवन में चल रहा कॉलेज, 5 वर्षों से भवन का इंतजार**

**कॉलेज भवन निर्माण के लिए अब सड़क की लड़ाई पर उतरी कांग्रेस**




**कॉलेज भवन के लिए पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल का उपवास शुरू**

ठेलकाडीह (दावा)। संत बाबा गुरु घासीदास शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह के स्वीकृत भवन का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने की मांग को लेकर पूर्व विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल सोमवार सुबह 11 बजे से ठेलकाडीह स्थित मिनी माता चौक पर दो दिवसीय उपवास पर बैठ गए हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय ग्रामीण भी अनशन स्थल पर मौजूद रहे। पूर्व विधायक बघेल ने कहा कि 2 अगस्त 2023 को महाविद्यालय भवन के निर्माण के लिए 4 करोड़ 65 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण आज तक भवन की नींव तक नहीं रखी जा सकी है। इसका सीधा खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें मजबूरी में स्कूल भवन में बैठकर कॉलेज की पढ़ाई करनी पड़ रही है।

## 40 गांवों के भविष्य का सवाल

पूर्व विधायक ने बताया कि 19 जून 2018 से संचालित इस महाविद्यालय में ठेलकाडीह सहित आसपास के लगभग 40 गांवों के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में लंबे समय से एक सर्वसुविधायुक्त स्थायी भवन की नितांत आवश्यकता बनी हुई है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका यह दो दिवसीय उपवास 11 अगस्त तक जारी रहेगा। यह आंदोलन उनके व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। यदि इसके बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## पहला कॉलम...

### तिलई मंडल में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**परदेशी सोनबोइर के नेतृत्व में पदुमतरा से डुमरडीह कला तक निकली यात्रा**



**राजनांदगांव (दावा)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से 09 अगस्त को तिलई मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिलई मंडल अध्यक्ष श्री परदेशी सोनबोइर के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भारत माता के जयकारे लगाए। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री राजेश श्यामकर, जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा एवं जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता मोहन साहू ने किया। यात्रा पदुमतरा से प्रारंभ होकर बुंदेलीकला, रेंगा कठेरा, डोम्हाटोला और धौराभाठा होते हुए डुमरडीह कला पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। पूरे मार्ग में तिरंगा लहराते हुए कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति का संदेश दिया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। युवाओं और कार्यकर्ताओं में देश के प्रति समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। डुमरडीह कला में आयोजित समापन कार्यक्रम में तेलघानी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष जितेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, तिलई मंडल अध्यक्ष श्री परदेशी सोनबोइर, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता मोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नोमेश वर्मा, महामंत्री राकेश साहू, यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष शेखर यदु, डुमरडीह कला के सरपंच श्री दिनेश सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा श्रीमती राजेश्वरी साहू, महेश यादव, दाधिबल वर्मा, श्यामलाल साहू सरपंच, पूनम देवांगन, टीकाराम साहू, अशोक सिन्हा, मोहन साहू, डिगेन्द्र सिन्हा, हरिचंद सिन्हा, महेश सेन, योगेश बंधे, भोजराज साहू, वीरेंद्र मुक्ति, सोनसाय, बिशन, ललित साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया गया। यात्रा के सफल आयोजन के लिए मंडल अध्यक्ष श्री परदेशी सोनबोइर एवं कार्यकर्ताओं ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों और तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया।

# एक युग का अंत खैरागढ़ राजपरिवार की वरिष्ठ सदस्य और 'राज दीदी' के नाम से प्रसिद्ध शिक्षाविद् सुश्री राजलक्ष्मी सिंह का निधन

**सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में रो पड़े शिक्षक और छात्र, लालपुर मुक्तिधाम में भतीजे भागवत शरण सिंह (डंपी) ने मुखाग्नि दी**



**खैरागढ़ (दावा)।** खैरागढ़ जिले से एक अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक खबर सामने आई है। खैरागढ़ राजपरिवार की वरिष्ठ सदस्य, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं प्रेम कुमार सरस्वती शिशु मंदिर की आजीवन प्रधानाचार्य सुश्री राजलक्ष्मी सिंह का रविवार की देर रात 12.36 बजे, 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से न केवल राजपरिवार, बल्कि क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूरे शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

सुश्री राजलक्ष्मी सिंह ने आजीवन अविवाहित रहकर अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा और समाजसेवा को समर्पित कर दिया। उन्होंने केवल एक शिक्षिका या प्रधानाचार्य के रूप में कार्य नहीं किया, बल्कि शिक्षा को अपना जीवन-धर्म बनाया। गंभीर रूप से अस्वस्थ होने तक वे निरंतर विद्यालय में अपनी सेवाएं देती रहीं। छात्र-छात्राओं के बीच वे बेहद आत्मीयता से 'राज दीदी' के नाम से प्रसिद्ध थीं। उनके लिए हर बच्चा केवल एक विद्यार्थी नहीं, बल्कि उनके अपने परिवार का हिस्सा था।

निःशुल्क शिक्षाः- राजलक्ष्मी सिंह ने कई जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाया और व्यक्तिगत रूप से सहयोग किया ताकि तंगी किसी की शिक्षा में बाधा न बने। विद्यालय के लिए दानः- सरस्वती शिशु मंदिर के अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपने वेतन का एक बड़ा हिस्सा दान कर दिया था।

संस्कारों की विरासतः- वे खैरागढ़ के दिवंगत राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी स्व. लाल शरण सिंह की सुपुत्री तथा सांसद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी भागवत शरण सिंह (डंपी) की बुआ थीं। उन्होंने अपने पिता से मिले सेवा और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों को आजीवन पूरी निष्ठा से निभाया।

नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

सोमवार की सुबह 10 बजे राजपरिवार स्थित उनके निवास स्थान से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। पार्थिव शरीर को सबसे पहले उनके कर्मस्थली प्रेम कुमार सरस्वती शिशु मंदिर ले जाया गया, जहां विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने अपनी 'राज दीदी' को अंतिम विदाई दी। इस दौरान स्कूल परिसर में मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं और कई छात्र-छात्राएं व शिक्षक फफक-फफक कर रो पड़े। इसके पश्चात उनके पार्थिव शरीर को राजपरिवार के लालपुर स्थित मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां राजपरिवार के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने उन्हें भारी मन से अंतिम विदाई दी। उनके भतीजे भागवत शरण सिंह (डंपी) ने उन्हें मुखाग्नि दी। भौतिक रूप से 'राज दीदी' भले ही अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा रोपे गए ज्ञान और संस्कारों के बीज हमेशा इस क्षेत्र के जन-मानस और उनके विद्यार्थियों के दिलों में जीवित रहेंगे।

# विश्व आदिवासी दिवस रैली में उमड़ा जनसैलाब



**डोंगरगाँव (दावा)।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को डोंगरगांव के कृषि उपज मंडी परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी समाजों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, युवा, युवतियां एवं महिला शक्ति सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए. पूरे आयोजन में आदिवासी संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता और गौरव की झलक देखने को मिली.

कार्यक्रम में आदिवासी समाज की बेटी एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष रंजीता पडौती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई. अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराएं उसकी पहचान और गौरव हैं. उन्होंने समाजजनों से अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजते हुए शिक्षा, विकास और सामाजिक एकता के साथ आगे बढने का आह्वान किया. कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान युवाओं का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम के पश्चात कृषि उपज मंडी परिसर से भव्य आदिवासी रैली निकाली गई. रैली पुराना बस स्टैंड होते हुए रानी दुर्गावती चौक पहुंची, जहां समाजजनों ने वीरांगना रानी दुर्गावती की पूजा-अर्चना की. इसके बाद रैली मोंगरा परिसर स्थित सर्व आदिवासी समाज के देवस्थल पहुंची।

# यात्री प्रतीक्षालय के पास शराब बेचते पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा



**डोंगरगांव (दावा)।** डोंगरगांव पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कुल 60 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गिरगांव चौक स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदिग्धों को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम प्रीतम साहू (22 वर्ष) पिता स्व. हीरा साहू, निवासी घुघवा तथा डोमन विश्वकर्मा (22 वर्ष) पिता चेतन विश्वकर्मा, निवासी राजाखुज्जी बताया।

तलाशी लेने पर आरोपी प्रीतम साहू के पास से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 30 पौवा तथा आरोपी डोमन विश्वकर्मा के पास से 30 पौवा, यानी कुल 60 पौवा 'सुपर-36' देशी प्लेन शराब (कुल मात्रा 10.800 लीटर, अनुमानित कीमत 4,800 रुपए) बरामद हुई। शराब रखने व बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध क्रमांक 244/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# नीरज विद्या मंदिर में कैरियर काउंसलिंग वर्कशॉप



**डोंगरगांव (दावा)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई), मोहड़ में कैरियर काउंसलिंग पर एक वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता प्रदेश की प्रतिष्ठित चार्टड एकांउटेंट सुश्री प्रिया जैन थीं। कार्यशाला के पूव विद्यालय की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने पुष्पगुच्छ एवं पौधे भेंट कर सुश्री जैन का आत्मीय स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य श्री द्विवेदी ने कार्यशाला की उपयोगिता को लेकर कहा कि आज के समय में कैरियर का सही-सही चयन चुनौतीपूर्ण हो गया है। यदि चयन ग़लत हो गया तो प्रतिभा पूरी जिंदगी के लिए अवसर से वंचित हो जाती है इसलिए अपनी रूचि, क्षमता और वक्त की माँग को देखते हुए विद्यार्थियों को उपयुक्त कैरियर का चयन करना चाहिए। कार्यशाला के दौरान चार्टड एकांउटेंट सुश्री प्रिया जैन ने कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण हेतु उपयोगी व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक बात रोचक व सरल ढंग से समझाई। उन्होंने आज के सही मार्गदर्शन को भविष्य की सफलता बताया। वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों ने सुश्री जैन से कैरियर संबंधी अनेक प्रश्न पूछे जिसका उत्तर उन्होंने दिया। कार्यक्रम में संस्था के प्रशासक श्री जी.राम सिन्हा, व्याख्याता श्रीमती सुरभि लॉरेंस, हेड ब्वॉय पूरब जैन, हेड गर्ल राजस्वी मानकर सहित छात्र संघ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। शाला परिवार द्वारा सुश्री प्रिया जैन को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत हायर सेकेंडरी तिलईरवार में वृहद पौधारोपण किया गया




**तिलईरवार (दावा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' से प्रेरित होकर इस संस्था द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया। विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण के महत्व के बारे में समझाना, पेड़ पौधे हमारे स्वस्थ्य जीवन में कितना महत्वपूर्ण है। पेड़ पौधे वातावरण को स्वच्छ रखने में कितना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इन सभी के बारे में बहुत ही सारगर्भित ढंग से बताया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सहभागिता से लगभग 101 पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार,छायादार पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया गया। प्राचार्य महोदय विजय कुमारन अय्यर ने बताया कि यह पौधारोपण का कार्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रकृति से जोड़ने का एक शानदार तरीका है। आज विद्यालय परिसर में लगभग 500 से भी अधिक फूलदार, फलदार, छायादार एवं औषधि पौधे सुरक्षित है जो विद्यालय में हरियाली का प्रतीक बना हुआ है। साथ ही साथ सभी बच्चों को अपने-अपने घरों में भी एक पेड़ मां के नाम सभी लगाएं, अपने गांव में भी पौधारोपण कर और उसकी देखभाल करें। क्योंकि पेड़ है तो कल है। और अंत में सभी छात्र-छात्राओं को एवं स्टॉफ सदस्यों को सघन वृक्षारोपण कार्य के लिए उसकी देखभाल के लिए शपथ दिलाया गया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय विजय कुमारन अय्यर, अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लीलहारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, अशीष मसीह, दानेश्वर कुमार साहू एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। इस कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू के द्वारा किया गया।

# सीएमओ के नेतृत्व में बकाया वसूली में तेजी : लाखों रुपए की वसूली एवं बकायादारों के यहां तालाबंदी सालों बाद देखने को मिली

**राजस्व में वृद्धि एवं कर भुगतान की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने यह अभियान निरंतर जारी रहेगा - सीएमओ**



**डोंगरगढ़ (दावा)।** निकाय क्षेत्र में राजस्व वसूली अभियान के तहत सीएमओ राजेश तिवारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के राजस्व विभाग की टीम द्वारा बकाया दारों से वसूली में तेजी आई।एवं अनेक बकायादार दुकानों में तालाबंदी की गई।इस कार्रवाई में नगर पालिका के राजस्व विभाग एवं संबंधित कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर वसूली के लिए आगे भी ऐसे विशेष अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी के निर्देशानुसार एवं नेतृत्व में नगर पालिका के राजस्व टीम द्वारा निकाय क्षेत्र में विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लंबे समय से कर एवं अन्य निकाय शुल्क का भुगतान नहीं करने वाले बकायादार दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न दुकानों में तालाबंदी की गई।नगर पालिका की टीम ने संबंधित दुकानदारों को बकाया राशि जमा करने हेतु पूर्व में नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद भुगतान नहीं किए जाने पर नियमानुसार तालाबंदी की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई बकायादारों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कराई, जिससे नगर पालिका को राजस्व की वसूली भी हुई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि निकाय के राजस्व में वृद्धि एवं कर भुगतान की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे समय पर अपने कर एवं अन्य निकाय देयों का भुगतान करें, ताकि दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

# पाकिस्तानी बॉक्सर को हराने पर पीएम मोदी ने दी जदुमणि को शाबाशी



नई दिल्ली। टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन यादगार रहा। मुक्केबाजी में भारत ने कुल 10 मेडल अपनी झोली में डाले, जिसमें सात गोल्ड मेडल रहे। ग्लासगो में भारत ने 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और नौ ब्रॉन्ज समेत कुल 39 मेडल अपने नाम किए।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का प्रदर्शन यादगार रहा। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में देश ने 13 गोल्ड समेत कुल 39 मेडल अपने नाम किए। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर भारत के लिए मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कारगिल विजय दिवस पर पाकिस्तानी मुक्केबाज को हराने के लिए जदुमणि सिंह की प्रशंसा की।

पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के बातचीत के दौरान पूछा, 'कारगिल दिवस पर किसकी विजय हुई थी।' इसके बाद जदुमणि ने बताया कि कारगिल विजय दिवस पर उनकी फाइट पाकिस्तानी मुक्केबाज के साथ थी और वह खुद भारतीय सेना से हैं, तो हर हाल में पाकिस्तान को हराना चाहते थे। उन्होंने बताया कि वह ऐसा करने में सफल भी रहे और उन्होंने पाकिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 से हराया। जदुमणि ने बताया कि उन्होंने यह जीत कारगिल के वीर जवानों को समर्पित की थी।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने जदुमणि से कहा, 'आप स्वंय सेना से हैं, तो मैं जरूर मानता हूं कि आपने जो देश के वीर जवानों के प्रति यह जो भाव प्रकट किया कि मैं यह जीत या मेडल कारगिल के विजेताओं को समर्पित करता हूं, उसने उस विजय पर चार चांद लगा दिए। आपने उसको ही पराजित किया, जिसको करना था।' भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने 55 किलोग्राम वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

# पैरा एशियाड ट्रायल में नंबर-1 फिर भी टीम से बाहर

नई दिल्ली । सिमरन शर्मा ने पैरा एशियाड चयन ट्रायल में 633.3 का स्कोर कर नंबर-1 स्थान हासिल किया, फिर भी एसएच-2 कैटेगरी से किसी का चयन नहीं होने के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। चयन नीति में तय ऊंचे क्वालिफाइंग स्कोर को चुनौती देते हुए सिमरन के पिता ने पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की नीति के खिलाफ अदालत का रुख किया है।

**सिमरन ने चयन नीति को कोर्ट में दी चुनौती**

महज नौ माह की उम्र में कार दुर्घटना के कारण कमर से नीचे के हिस्से की जान खो देने वाली सिमरन शर्मा अब 17 साल की हैं। व्हील चेयर पर जीवन गुजार रहीं सिमरन की जिंदगी चार वर्ष पहले शूटिंग शुरू होने से बदल गई। साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की ट्रेनी सिमरन बीते वर्ष खेलो इंडिया चैंपियन बनीं व राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी तीन स्वर्ण जीते। उनका सपना जापान में पैरा एशियाई खेलों में पदक जीतने का है, जो खराब चयन नीति से पूरा होता नहीं दिख रहा। मई में एशियाड के चयन ट्रायल में नंबर एक रहने के बावजूद सिमरन भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाई हैं। सिमरन ने ट्रायल में 633.3 का स्कोर किया जो पिछले पैरा एशियाड के चौथे स्थान के स्कोर 633.1 से बेहतर है उनकी एसएच 2 कैटेगरी बिना किसी का चयन किए खाली छोड़नी दी गई है।

सिमरन के पिता बृजेश शर्मा ने कोर्ट में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की चयन नीति को चुनौती दी है। नीति के मुताबिक, सिमरन की कैटेगरी 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच-2 (आर-5) का योग्यता स्कोर 635.4 है, जबकि आयोजकों का योग्यता स्कोर 625 है। खेल मंत्रालय ने स्पष्ट कर रखा है कि एशियाड और पैरा एशियाड में वही खेलेंगे जो एशियाई स्तर पर शीर्ष छह में आते हो।

# सीईओ जिप ने ली NRLM योजना की समीक्षा बैठक



**स्व-सहायता समूहों की आय बढ़ाने और आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर जोर**

खैरागढ़ (दावा)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) योजना की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं की पारिवारिक आय में वृद्धि करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए आगामी 20 वर्षों में स्व-सहायता समूह के सदस्यों की औसत पारिवारिक मासिक आय को ?2.50 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रत्येक सदस्य को 3 से 4 बहुआयामी आजीविका गतिविधियों से जोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने ड्रिप सिंचाई, पॉली हाउस निर्माण, उन्नत सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन एवं बकरी पालन जैसी व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया।

बैठक के दौरान 'विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण' (VB-GRAMG) योजना के तहत अधोसंरचना विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके अंतर्गत पशुपालन को सुगम बनाने के लिए मुर्गी, बकरी और गाय शेड निर्माण के निर्देश मैदानी अमले को दिए गए। सीईओ ने एनआरएलएम के तहत कम प्रगति वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा पीआरपी उपस्थित रहे।

# तोरणकट्टा में हर्षोल्लास से मना विश्व आदिवासी दिवस



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम तोरणकट्टा में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा गांव आदिवासी संस्कृति और लोक परंपराओं के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तोरण कट्टा के सरपंच सैन जनक उइके ने विश्व आदिवासी दिवस की सभी समाजजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# ग्राम धामनसरा में खरपतवारों की पहचान एवं उसके नियंत्रण विषय पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी द्वारा स्थापित कृषि तकनीकी सूचना सलाह केन्द्र अंतर्गत ग्रामीण उद्यमिता जागरूकता विकास योजना (रेडी) के चयनित ग्राम धामनसरा में कृषकों के लिए खरपतवारों की पहचान एवं उसके नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सहायक प्राध्यापक सस्य विज्ञान डॉ. संतोष कुमार साहू ने धान की फसलों में पाये जाने वाले प्रमुख खरपतवार संकरी पत्ति वाले सॉवा, बदौर, करगा, दुब घास एवं चौड़ी पत्ति वाले खरपतवारों में कऊवाकेनी, बावची, महकुव, सिलियारी, मुंगेसर तथा मोथा प्रजातियों में नागर मोथा (चुहका) का पहचान के संबंध में जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि खरपतवारों को समय पर नियंत्रित नहीं किये जाने से फसल उपज में 45 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। प्रशिक्षण के दौरान खरपतवारनाशी का भण्डारण घोल तैयार करना, मात्रा एवं उपयोग करने के सही समय की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण में बताया गया कि खरपतवार के प्रभावी नियंत्रण हेतु चुहका (मोथा प्रजाति) के खरपतवार हेतु क्लोरीम्यूरान मेटसल्फुरान 20 प्रतिशत चूर्ण की 8 ग्राम दवा प्रति एकड़ एवं मिश्रित खरपतवार प्रजातियों हेतु बिसपाइरी बेक सोडियम 10 प्रतिशत एससी की 100 एमएल प्रति एकड़ तथा सांवा की अधिकता होने पर फेनोक्साप्राप पी ईथाइल 9.3 प्रतिशत इसी का 300 एमएल प्रति एकड़ की दर से प्रत्येक खरपतवार नाशी को 200 लीटर पानी में घोल बनाकर बुवाई व रोपाई के 20-25 दिन बाद छिड़काव करने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण में ग्राम धामनसरा के कृषकों के साथ महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के ग्रामीण उद्यमिता जागरूकता विकास योजना (रेडी स्टूडेंट) विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मैथिल ब्राह्मण समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा मधुश्रावणी पर्व, मां शीतला मंदिर प्रांगण में हुई विशेष पूजा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मैथिल ब्राह्मण समाज में नवविवाहित सुहागिनों द्वारा अपने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए पवित्र ''मधुश्रावणी पर्व'' श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। श्रावण शुक्ल तृतीया से शुरू होकर श्रावण शुक्ल पंचमी तक निरंतर चलने वाले इस महापर्व में मुख्य रूप से भगवान भोलेनाथ और नाग देवता की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर समिति के तत्वावधान में समाज की नवविवाहित स्त्रियाँ सामूहिक रूप से इस अनुष्ठान को संपन्न कर रही हैं। परंपरा के अनुसार, प्रतिदिन अलग-अलग शिव मंदिरों में जाकर महिलाएं सुंदर फूलों की टोकरी सजाती हैं और शिव-पार्वती एवं नाग देवता को अर्पित कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

मैथिली विवाह पद्धति की मान्यता अनुसार, इस पूजा-विधान के पालन से पति के ग्रह-नक्षत्र दोषों के साथ-साथ कालसर्प दोष का भी निवारण होता है। इसी क्रम में आज यह विशेष पूजा राजनांदगांव की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला के मंदिर प्रांगण में भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई।

इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और विधि-विधान से पूजा पूर्ण कराकर नवविवाहितों को सुखद एवं अखंड सौभाग्यवती जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

# सावन उत्सव में निधि बाजपेई को सावन सुंदरी का ताज



राजनांदगांव (दावा)। पवित्र श्रावण मास में सावन उत्सव को प्रकृति का स्वरूप प्रदान करते हुए 'सावन सुंदरी' प्रतियोगिता का नयनाभिराम आयोजन अवस्थी निवास जीई रोड में किया गया।

उक्त गरिमामय आयोजन को प्रदेश महा सचिव, प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज श्रीमती वंदना तिवारी की विशेष उपस्थिति में किया गया। सभी महिलाओं की वेशभूषा ने अवस्थी निवास को हरित प्रकृति में तब्दील कर दिया। प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज राजनांदगांव इकाई की अध्यक्ष श्रीमती ममता अवस्थी, उपाध्यक्ष श्रीमती मोहिनी शुक्ला, सचिव निधि बाजपेई सहित डॉ.साधना तिवारी, अनीता बाजपेई, मंजू मिश्रा तथा प्रभा शुक्ला के विशेष प्रयास से सावन उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सावन सुंदरी प्रतियोगिता पर महिलाओं ने वेशभूषा के रूप में हरि साड़ी, हरा सूट , हरि चूड़ियां पहनकर खुद को प्रकृति का स्वरूप प्रदान किया।

# मनकी में ग्रामवासियों को सोलर पैनल लगाने किया गया जागरूक



**पंचायत सरपंच प्रतिनिधि व अन्य सहित जागरूक करने जुटी महिला समूह**

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम पंचायत मनकी में शनिवार 8 अगस्त को सोलर पैनल सूर्य घर योजना के तहत घर-घर जागरूकता फैलाने के लिए ग्रामीणो में जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरपंच प्रतिनिधि नीलचंद यादव उपसरपंच नोखे लाल ठाकुर सचिव त्रिदेव निर्मल पंच ज्ञानीक राम साहू मकसूदन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माहिला समूह के सदस्य गण भी जुटे रहे। इस जन जागरुकता अभियान के तहत ग्रामीणों को समझाया गया कि घरों में सौर ऊर्जा लगाने से बिजली बिल शून्य आता है।

सूर्य घर योजना सबके लिए फायदेमंद है। अपने घरों के छत में ज्यादा वाट का सौर पैनल लगा कर ज्यादा बिजली उत्पादन कर इसे बेच भी सकते हैं। अपने आसपास के लोगों को अतिरिक्त बिजली बेच कर पैसा कमाना जा सकता है। लोगों को यह भी बताया गया है अपने घरों के छतों में सौर पैनल लगाने के लिए सरकार लागत राशि में छूट देती है।

बताया जाता है कि सरकार के इस सौर बिजली ऊर्जा का लोगों में अच्छा प्रभाव पड़ रहा है और दिनों दिन बढ़ती जा रही बिजली बिल की समस्या को देखते हुए लोगों द्वारा अपने घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इस जन जागरुकता अभियान के दौरान गांव के सम्मानित शिव लाल यादव सहित गांव अन्य नागरिक भी उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**झारखंड विधानसभा गेट के बाहर.....**

पर बिठाया, वही इस तानाशाही को उखाड़ फेंकेंगे। हमने क्या गलत किया? हमने बस भ्रष्टाचार का पर्दाफ़ाश किया, पेपर लीक की CBI जांच की मांग की और परीक्षा रद्द करने की बात कही। अगर सरकार इसका जवाब लाठीचार्ज से देती है, तो इस लोकतंत्र में ऐसी तानाशाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

0 महिला प्रदर्शनकारियों के आरोपः विधानसभा गेट पर हुए लाठीचार्ज और हाथापाई में कई छात्र घायल हो गए। विरोध प्रदर्शन में शामिल महिला उम्मीदवारों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने बदसलूकी की और नियमों व कानूनों की खुलेआम अनदेखी की। महिला प्रदर्शनकारी ने कहा, आज मुख्यमंत्री का जन्मदिन है, इसलिए वे अपनी पार्टी के कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, जबकि हमें बारिश में भीगने के लिए छोड़ दिया गया। ऊपर से, हमें लाठियों की सौगात मिली। वहां बड़ी संख्या में लड़कियां और महिलाएं मौजूद थीं, फिर भी वहां एक भी महिला पुलिस अधिकारी तैनात नहीं थी। पुरुष पुलिस अधिकारियों ने हम पर लाठियां बरसाईं, हमें धक्का-मुक्की की और हमारे कपड़े तक फाड़ दिए। हम वहां शांति से बैठे थे, फिर भी हमारे साथ इतनी बर्बरता की गई।

**'भीड़ में दब गए थे 3 जवान....**

के बाद, सुरक्षा में तैनात तीन पुलिसकर्मी गिर गए और गुस्साई भीड़ के बीच फंस गए, जिससे उनके कुचले जाने का खतरा पैदा हो गया। अगर उस वक्त पुलिस ने बल का इस्तेमाल न किया होता, तो उन पुलिसकर्मियों के साथ कोई हादसा हो सकता था। अपने साथियों की जान बचाने और उन्हें भीड़ से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना जरूरी हो गया था।

**लाठीचार्ज को राहुल गांधी ने बताया.....**

समेत कई लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का यह मार्च मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 51वें जन्मदिन के मौके पर निकला। मार्च सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे पुरानी विधानसभा इमारत के बाहर से शुरू हुआ।

0 13 परीक्षाओं को रद्द करने की मांगः प्रदर्शनकारी झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं हुई हैं। प्रदर्शनकारियों और सरकार के बीच इस मुद्दे पर कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अभी तक गतिरोध खत्म नहीं हुआ है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिन 13 परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की गई थी, सरकार उनमें से केवल तीन परीक्षाओं को रद्द करने पर सहमत हुई है। रिपोर्टों के मुताबिक, प्रदर्शनकारी भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के साथ मामले की स्वतंत्र जांच और भर्ती प्रक्रिया में सुधार की भी मांग कर रहे हैं।

**आराजकता फैलाना चाहते हैं', केंद्रीय....**

जवाब देने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर यह भी आरोप लगाया कि महंगाई और एसआईआर जैसे मुद्दों पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने सदन से दूरी बना ली थी। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की आवाज भी सुननी चाहिए। नड्डा ने कहा कि सरकार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष की ओर से लगातार कार्यवाही बाधित की जा रही है। जेपी नड्डा ने यह भी कहा कि राहुल गांधी आराजकता फैलाना चाहते हैं। जेपी नड्डा ने झारखंड में छात्रों के प्रदर्शन का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस नेताओं को झारखंड में आंदोलन कर रहे छात्रों की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। नड्डा ने कहा कि उन्हें मिली जानकारी के अनुसार, छात्रों को रोकने के लिए वहां कंटीले तारों की बाड़ तक लगाई गई थी। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस झारखंड सरकार का हिस्सा है, इसलिए उसे वहां छात्रों की मांगों और उनके प्रदर्शन पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ वे देश में छात्रों के मुद्दे उठाने की बात करते हैं, जबकि दूसरी ओर झारखंड में छात्रों की आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**देवेंद्र नाथ महतो की बिगड़ी तबीयत.....**

के लिए सख्ती शुरू कर दी। इसके बाद छात्रों को खदेड़ते हुए जगन्नाथ मंदिर की ओर ले जाया गया। इस दौरान हुए लाठीचार्ज और भगदड़ में कई छात्रों के घायल होने की बात सामने आई है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि दर्जनों छात्रों को चोटें आई हैं। कई छात्र भगदड़ में गिर गए, जबकि कुछ छात्राओं के भी घायल होने की सूचना है। लाठीचार्ज की घटना के बाद छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि अब सरकार के साथ किसी स्तर पर वार्ता नहीं होगी। छात्रों ने स्पष्ट किया कि यदि बातचीत होगी तो सीधे मुख्यमंत्री के साथ होगी, अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आंदोलन को और व्यापक तथा तेज करने का ऐलान किया। गौरतलब है कि सोमवार को विधानसभा घेराव के दौरान दिन में भी कई बार पुलिस और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच तनाव की स्थिति बनी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा कई जगहों पर लाठीचार्ज भी किया गया।

**कोलंबिया में भीषण भूकंप....**

कोलंबिया के कई हिस्सों में देखा गया। कैली, पेरेइरा, मनीजालेस और क्बिदो समेत कई शहरों में इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबर है। कुछ स्थानों पर लोग इमारतों में फंस गए और राहत एवं बचाव दलों को मौके पर भेजा गया। चोको की गवर्नर नूबिया कॉर्डोबा ने बताया कि क्षेत्रीय राजधानी क्बिदो में लोग घायल हुए हैं और कई इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की ओर से प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। 7.4 तीव्रता के इस भूकंप के झटके कोलंबिया के बड़े हिस्से में महसूस किए गए। पड़ोसी इक्वाडोर तक भी इसका असर महसूस हुआ। कई शहरों में लोग एहतियातन इमारतों से बाहर निकल आए। यह भूकंप ऐसे समय आया है जब जून में वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंप आए थे। इन दोनों भूकंपों के बाद बड़े पैमाने पर इमारतें क्षतिग्रस्त हुई थीं और राहत एवं बचाव अभियान लंबे समय तक चला। जुलाई में वेनेजुएला के अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 5,069 तक पहुंचने की जानकारी दी थी।

**छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से लेकर राम ....**

और सवाल सामने आए हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं। खरगे ने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर देश के लोगों ने पूरी आस्था के साथ चंदा दिया था। ऐसे में उस चंदे की एक-एक पाई का हिसाब जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि जांच के बाद सच्चाई जनता के सामने आनी चाहिए। अगर किसी ने लोगों की आस्था के साथ विश्वासघात किया है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी तीसरी मांग के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है। खरगे ने कहा कि करोड़ों देशवासियों की भगवान श्रीराम और अयोध्या से गहरी आस्था जुड़ी है। ऐसे में इतनी पवित्र आस्था से जुड़े मामले में गंभीर आरोप सामने आने के बावजूद पिछले 15 दिनों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री की चुप्पी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। खरगे ने कहा कि देश जवाब मांग रहा है, लेकिन सरकार मौन है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सामने आकर पूरे मामले पर देश को सच बताने और जनता की आस्था को पहुंची ठेस के लिए माफी मांगने की मांग की है।

**बालाघाट में गंदे पानी से छह बच्चों.....**

की स्थिति बन गई। हालांकि बीमारी की सटीक वजह और संक्रमण की पुष्टि के लिए बच्चों के सैंपल पुणे स्थित लैब में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद बीमारी की वास्तविक स्थिति और कारण स्पष्ट होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित गांवों में शिविर और अस्थायी अस्पताल बनाकर इलाज शुरू कर दिया है। बीमार बच्चों और ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। वर्तमान में 47 बच्चे बैहर और बालाघाट जिला अस्पताल में भर्ती हैं। इलाज के बाद स्वस्थ हुए 51 बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने 6 बच्चों की मौत की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट भोपाल भेज दी है। प्रशासन की निगरानी में प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य टीमों की तैनाती की गई है। विशेषज्ञों की टीम बीमारी के कारणों का पता लगाने के साथ ही पानी और पोषण की स्थिति की भी जांच कर रही है। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

**जंतर-मंतर पर छात्रों पर पुलिस एक्शन....**

प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर निष्क्रिय रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच और गृह मंत्री के बयान की जरूरत है। राहुल गांधी ने दिल्ली में पैलेट गन के इस्तेमाल और बिहार के सिवान में प्रदर्शनकारियों पर कथित गोलीबारी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश किसने दिया। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने के बाद से विपक्ष लगातार छात्र प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई है। सरकार का कहना है कि वह चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष को सदन की कार्यवाही चलने देनी होगी।

**छत्तीसगढ़ में पार्षद पति-पुत्र की व्यवस्था खत्म....**

दल के लोग ही अपनी पत्नियों की जगह सरकारी बैठकों में शामिल हो रहे हैं। इन्होंने आदेश तो जारी किया है, लेकिन मुझे नहीं लगता इसका फर्क पड़ेगा। पिछले दिनों रायपुर नगर निगम मुख्यालय में जल कार्य विभाग की सलाहकार समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में दो पार्षद पति भी शामिल हुए थे। इनमें भाजपा और कांग्रेस की महिला पार्षदों के पति शामिल थे। बैठक में प्रमोद साहू और जयंत साहू मौजूद थे। प्रमोद साहू की पत्नी साधना साहू भाजपा से पार्षद हैं, जबकि जयंत साहू की पत्नी रेणु साहू कांग्रेस से पार्षद हैं। यह मामला चर्चा का विषय बना था।

**हंगामे के बीच बिना बहस पास हुआ....**

पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों के साथ-साथ ट्रिब्यूनल सदस्यों की नियुक्ति, कार्यकाल और कामकाज से जुड़े पहले के फैसलों के भी विपरीत हैं। कोर्ट ने यह भी कहा था कि ट्रिब्यूनल्स में नियुक्तियों के लिए पेशेवर विशेषज्ञता, पारदर्शी चयन तंत्र और उचित निगरानी ढांचे के साथ एक स्वतंत्र नेशनल ट्रिब्यूनल्स कमीशन बनाया जाना चाहिए। यह नया कानून इसी व्यापक संस्थागत ढांचे को संबोधित करने का प्रयास करता है। एक बार लागू होने के बाद यह ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 को निरस्त कर देगा।

प्रस्तावित आयोग के गठन के अलावा, इस बिल में इसके दायरे में आने वाले ट्रिब्यूनल्स के अध्यक्षों और सदस्यों की पात्रता, चयन और नियुक्ति से जुड़े प्रावधान भी शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें उनके वेतन, भत्तों, इस्तीफे, हटाए जाने और अन्य सेवा शर्तों से जुड़े प्रावधान भी दिए गए हैं। इसका उद्देश्य ट्रिब्यूनल सदस्यों की नियुक्ति और उनके संचालन के तरीके में अधिक स्थिरता लाना है। इस प्रस्तावित व्यवस्था का मकसद पारदर्शिता और संस्थागत स्वतंत्रता को मजबूत करना भी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ट्रिब्यूनल की नियुक्तियां एक अधिक समान ढांचे के तहत हों।

इस कानून को पारित करने की प्रक्रिया सदन में गरमाए हुए राजनीतिक माहौल के बीच हुई। विपक्षी सांसद नीट पेपर लीक विवाद से जुड़े 20 जुलाई के प्रदर्शन के दौरान छात्रों के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। जब यह बिल सदन में लिया गया, उस समय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी की उनकी मांग ही पूरी कार्यवाही पर हावी रही। सदन में नारेबाजी होने के चलते जिन सांसदों ने बिल पेश किए जाने के चरण में इसका विरोध करने की मंशा जताई थी, उन्हें बोलने का मौका ही नहीं मिल सका। इस तरह यह बिल बिना उस विस्तृत सदन चर्चा के पारित हो गया, जो आमतौर पर किसी कानून पर विचार के दौरान होनी चाहिए थी, जबकि सरकार ट्रिब्यूनल व्यवस्था में अपने प्रस्तावित बदलावों के साथ आगे बढ़ती रही। अगर यह कानून लागू होता है, तो यह 2021 के ढांचे की जगह लेगा और ट्रिब्यूनल नियुक्तियों तथा संबंधित सेवा मामलों के लिए एक केंद्रीय संस्थागत तंत्र स्थापित करेगा।

# धनेली-देवारीभाठ व्हाया बढ़ईटोला सड़क के लिए 17 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति



## जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के प्रयासों को मिली सफलता

खैरागढ़ (दावा)। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन को सुगम बनाने और सड़कों के जाल को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले धनेली से देवारीभाठ, भरदाकला व्हाया बढ़ईटोला 10 किलोमीटर तक बनने वाली पक्की सड़क के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने 17 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क के निर्माण से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को अब खराब सड़कों की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

### जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग पर विक्रांत सिंह ने की पहल

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत देवारीभाठ के सरपंच एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से इस मार्ग के नए निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस जनहितकारी मांग को गंभीरता से लेते हुए विक्रांत सिंह ने शासन-प्रशासन स्तर पर लगातार पत्राचार और व्यक्तिगत प्रयास किए। उनके इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप अब लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 करोड़ रुपये की लागत से इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

### क्षेत्रवासियों को मिलेगी जर्जर सड़क से राहत, सुगम होगा आवागमन

धनेली से देवारीभाठ, भरदाकला, बढ़ईटोला तक का यह मार्ग क्षेत्र का एक प्रमुख संपर्क मार्ग माना जाता है। पक्की सड़क बन जाने से धनेली, देवारीभाठ, भरदाकला और बढ़ईटोला सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को आने-जाने में बहुत सुविधा होगी। इसके अलावा, बारिश के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से होने वाली हादसों की आशंका भी खत्म हो जाएगी, जिससे स्थानीय व्यापार और परिवहन को गति मिलेगी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की इस पुरानी मांग का पूरा होना यह दर्शाता है कि साय सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। विक्रांत सिंह ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव तथा क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे का विशेष आभार प्रकट किया है।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में छात्र परिषद ने ली शपथ, हुआ भव्य आयोजन



**विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व का अवसर भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है - रमन डोंगरे**

डोंगरगढ़ (दावा)। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय, डोंगरगढ़ में आज छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना विकसित करना रहा।

समारोह में नव निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने पद एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। विद्यालय के प्राचार्य जागेश्वर सिंह चंदेल द्वारा विद्यार्थियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए विद्यालय की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलवाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन डोंगरे, डोंगरगढ़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमडीसी के अध्यक्ष कुलवंत सिंह कक्कड़ ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अमित जैन (पार्षद), श्रीमती बी. मलागार (पार्षद), डी. एकेश राव (पार्षद), सुमीत ताम्रकार (पार्षद), देवेन्द्र साखरे (पार्षद) एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर एसएमडीसी के सदस्य अशोक कुमार डे, ओमप्रकाश महानदी, मधुसूदन अग्रवाल लोकेश इंदुरकर एवं श्रीमती पूजा उज्जवने उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक कुमार साहू (वरिष्ठ व्याख्याता) द्वारा किया गया एवं समापन सुश्री फरहा अंजुम (व्याख्याता अंग्रेजी )द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# भाजयुमो की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, तिरंगा यात्रा और 'ज्वाइन BJYM' अभियान पर हुई चर्चा



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, पिपरिया (खैरागढ़) में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों जैसे "ज्वाइन BJYM", "तिरंगा यात्रा" तथा युवा मोर्चा को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजयुमो प्रभारी मोनू बहादुर सिंह एवं सहप्रभारी अशोक वर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वरिष्ठ नेताओं ने युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति संगठन का मुख्य आधार है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी और समर्पण से ही संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की बात कही।

कार्यक्रम का सफल संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री प्रेमसागर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर ललित चोपड़ा, जिला महामंत्री ऋषभ सिंह बघेल व प्रेमसागर गुप्ता, विक्रांत चंद्राकर, अर्जुन क्षत्रिय, पेमेंद्र चंदेल, कमलेश साहू, जयप्रकाश साहू, शहर भाजयुमो अध्यक्ष अनीश सिंह, लाल पवन सिंह सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के खिलाफ किसानों, ग्रामीणों की आवाज बुलंद, सड़क, खाद और धान खरीदी के मुद्दे भी उठे - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड अंतर्गत डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाघनंदी में आयोजित जन संवाद के दौरान सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) विष्णु लोधी ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और मांगों को विस्तार से सुना।

जन संवाद में ग्रामीणों ने बिजली की दरों में की गई पांच बार की बढ़ोतरी तत्काल वापस लेने की मांग प्रमुखता से रखी। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार बढ़ते बिजली बिलों से आम उपभोक्ताओं, किसानों, मजदूरों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। ग्रामीणों ने 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना पुनः शुरू करने की मांग भी रखी। इसके साथ ही सभी उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर तत्काल बदलकर सामान्य पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की गई।

ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत अधिक बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं। इसलिए स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर अतिरिक्त वसूली गई राशि उपभोक्ताओं को वापस करने की मांग भी जन संवाद में उठाई गई। विष्णु लोधी ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता आम जनता की पहुंच में रहनी चाहिए। यदि उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में अनियमितता या अप्रत्याशित वृद्धि की शिकायत है तो सरकार को इसकी निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और जवाबदेह होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। केवल मीटर बदलने से व्यवस्था बेहतर नहीं होगी, उपभोक्ताओं को भरोसेमंद बिजली और उचित बिल भी मिलना चाहिए।

### सड़क निर्माण की मांग

जन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने बाघनंदी नवाटोला से बोदालदंड तथा बाघनंदी से महाराष्ट्र सीमा तक सड़क निर्माण की मांग प्रमुखता से रखी। ग्रामीणों ने बताया कि बेहतर सड़क सुविधा नहीं होने से आवागमन, कृषि कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

विष्णु लोधी ने कहा कि सीमावर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ना क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए बेहद आवश्यक है। इन मार्गों का निर्माण ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता है और इन मांगों को संबंधित विभाग एवं शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।

### खाद संकट और धान खरीदी पर सरकार को घेरा

किसानों ने खाद की कीमतें कम करने तथा समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। किसानों का कहना था कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और खाद की कीमतों एवं उपलब्धता को लेकर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार से रु. 3,286 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा समर्थन मूल्य में पिछले दो वर्षों में हुई वृद्धि की राशि किसानों को प्रदान करने की मांग भी दोहराई। विष्णु लोधी ने कहा कि किसान लगातार बढ़ती कृषि लागत के बीच अपनी मेहनत से अन्न पैदा कर रहा है।

# ग्राम केरेगांव में सर्वआदिवासी सामुदायिक भवन का विधायक भोलाराम साहू ने किया लोकार्पण



जोंधरा (दावा)। विकासखंड छुरिया के ग्राम केरेगांव में सर्व आदिवासी समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधिवत सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

भवन की सौगात मिलने पर सर्व आदिवासी समाज एवं ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामुदायिक भवन सामाजिक आयोजनों, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामूहिक कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और विरासत को संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के साथ सामाजिक एवं सामुदायिक अधोसंरचना को मजबूत करना भी जरूरी है।

सामुदायिक भवन समाज की एकता, भाईचारे और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक भोलाराम साहू का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता और आपसी भाईचारे की भावना देखने को मिली।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी लाल साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा अध्यक्ष प्रताप घावड़े, ग्राम पटेल देवकुमार कंवर, सरपंच कुमारी बाई वामन, दिलेश्वर चौधरी, दशरथराज साहू, रोजगार सहायक किरण उके पंचगण उत्तम कुमार कर्सी, संतोष कुमार साह, पंचराम चन्द्रवंशी, हिरामन लाल धलेन्द्र, भुनेश्वरी पिस्दा, गैंदकुल, टेमिन किशान, सरिता नेताम, बिजमा, संध्या उके, अनुपम भंवर एवं चित्ररेखा बोरकर सहित सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# विधायक यशोदा वर्मा ने ग्राम अछोली में महिला समूहों को बाटे ई-रिक्शा



खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने विकासखंड के ग्राम अछोली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान महिला स्व-सहायता समूहों को स्वच्छता कार्यों के संचालन हेतु ई-रिक्शा का वितरण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ और आसान बनाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। महिला समूहों को ई-रिक्शा मिलने से अब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य त्वरित गति से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल ई-रिक्शा के इस्तेमाल से गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण रहेगा।

इस पहल से ग्राम अछोली में स्वच्छता अभियान को एक नया आयाम मिलेगा और महिला स्व-सहायता समूहों की आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। आयोजन के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित थीं।

# जोरातराई में हरेली महोत्सव के अंतर्गत किया वृक्षारोपण



टेड़ेसरा (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरातराई में हरेली महोत्सव के अंतर्गत साहू भवन में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की जनपद सदस्य मोहनीश धनकर विशेष रूप से शामिल हुए

जिसमें पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए निम, कटहल, गुलमोहर एवं अनेक प्रकार के वृक्ष लगाए गए एवं साथ ही कर्मा मंदिर निर्माण के लिए साहू समाज के द्वारा बैठक रखा गया। जिसमें जनपद सदस्य मोहनीश धनकर के द्वारा दो लाख रुपए देने की घोषणा भी किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, ग्राम पंचायत के सरपंच रमाकांत साहू, बघेरा मंडल अध्यक्ष रामसिंह साहू, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष नारायण साहू, कोदूराम साहू (ग्राम पटेल मनगटा), जयराम साहू, मनहोरी साहू, रामलाल साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, संतोष साहू, महेंद्र साहू, चिंताराम साहू, श्रीमती सरोज साहू एवं साहू समाज के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण वृक्षारोपण करने बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# योगशाला के बच्चों ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में बनाई जगह




**पहले ही प्रयास में रिदमिक पेयर इवेंट योगासन स्पर्धा में चयनित हुए पार्थ और हरीश**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री विद्यापीठ में 5 एवं 6 अगस्त को आयोजित संभाग स्तरीय शालेय योगासन खेल स्पर्धा में राजनांदगांव के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों पार्थ पारधी एवं हरीश वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

दोनों खिलाड़ियों का चयन 14 वर्ष आयु बालक वर्ग के रिदमिक पेयर इवेंट में उनके उत्कृष्ट खेल कौशल और प्रभावी प्रस्तुति के आधार पर हुआ है। खास बात यह है कि, दोनों खिलाड़ियों ने पहले ही प्रयास में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीमित अवधि के अभ्यास के बावजूद दोनों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई। इससे पूर्व संभाग स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए योगशाला के कुल आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें पांच बालिकाएं समृद्धि विश्वकर्मा, दीक्षा वर्मा, प्रियांशी सिंह, खुशी सिन्हा एवं देवांशी साहू तथा तीन बालक यशस्व ठाकुर, पार्थ पारधी एवं हरीश वर्मा शामिल थे।

सभी खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद संभाग स्तर तक पहुंचकर संस्था और शहर का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ीयों की इस सफलता के पीछे उनके प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत और निरंतर मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षक श्रुति ताम्रकार, दीक्षा ताम्रकार, प्रेम साहू एवं मोहित सोनी ने खिलाड़ीयों को नियमित अभ्यास कराते हुए उनकी तकनीक, प्रस्तुति और खेल कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी खिलाड़ी संस्था के संचालक एवं शहर के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में योगासन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

सभी खिलाड़ी नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल, बलदेव बाग में अध्ययनरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर योगासन भारत के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी व लक्ष्मण लोहिया नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी और योगशाला योग प्रशिक्षण संस्थान के संचालक व योगाचार्य किशोर माहेश्वरी, शाला परिवार सहित परिजनों एवं मित्रों ने दोनों खिलाड़ीयों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

# गायत्री शक्तिपीठ में योगशाला के बच्चों ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में बनाई जगह



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री विद्यापीठ में 5 एवं 6 अगस्त को संभाग स्तरीय शालेय योगासन खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें शहर के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी पार्थ पारधी एवं हरीश वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। योगाचार्य किशोर माहेश्वरी ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन 14 वर्ष आयु बालक वर्ग के रिदमिक पेयर इवेंट में उनके उत्कृष्ट खेल कौशल और प्रभावी प्रस्तुति के आधार पर हुआ है।

### पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय उपलब्धि

खास बात यह है कि, दोनों खिलाड़ियों ने पहले ही प्रयास में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीमित अवधि के अभ्यास के बावजूद दोनों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई। इससे पूर्व संभाग स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए योगशाला के कुल आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिसमें पांच बालिकाएं समृद्धि विश्वकर्मा, दीक्षा वर्मा, प्रियांशी सिंह, खुशी सिन्हा एवं देवांशी साहू तथा तीन बालक यशस्व ठाकुर, पार्थ पारधी एवं हरीश वर्मा शामिल थे। सभी खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद संभाग स्तर तक पहुंचकर संस्था और शहर का गौरव बढ़ाया।

खिलाड़ियों की इस सफलता के पीछे उनके प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत और निरंतर मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षक श्रुति ताम्रकार, दीक्षा ताम्रकार, प्रेम साहू एवं मोहित सोनी ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कराते हुए उनकी तकनीक, प्रस्तुति और खेल कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी खिलाड़ी संस्था के संचालक एवं शहर के लोकप्रिय योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में योगासन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल, बलदेव बाग में अध्ययनरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर योगासन भारत के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी व लक्ष्मण लोहिया नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी और योगशाला योग प्रशिक्षण संस्थान के संचालक व योगाचार्य किशोर माहेश्वरी, शाला परिवार सहित परिजनों एवं मित्रों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।






# सावन के प्रथम प्रदोष पर संस्कारधानी में निकली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अनेक गणमान्य हुए शामिल**

**राजनांदगांव(दावा)।** सावन मास के पावन अवसर पर संस्कारधानी राजनांदगांव एक बार फिर शिवभक्ति के रंग में रंगने जा रही है। सावन के प्रथम प्रदोष आज श्री महाकाल सेना के तत्वावधान में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की भव्य पालकी यात्रा में शिवभक्तों और नगरवासियों में विशेष उत्साह का वातावरण रहा।बाबा महाकाल की यह पालकी यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, शिवभक्ति, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सद्भाव और एकता का संदेश देने वाली यात्रा में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल के दिव्य स्वरूप के दर्शन के साथ श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता का अनुभव हुआ। ढोल-नगाड़ों, जयघोष और भक्तिमय वातावरण के बीच नगर भ्रमण कर पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल रहे। पालकी यात्रा में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, समाजसेवी पवन डागा, पार्षद शेखर लश्करे, राकेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इसके अलावा हेमा देशमुख, पार्षद शेखर साहू, भरत साहू, चिंटू बग्गा, अवतराम तेजवानी, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, अनिल तेजवानी, विनोद लूल्ला, घनश्याम अग्रवाल, राजा पारख, शेखर यादव पार्षद, मोनू बहादुर सिंह, पवन मेश्राम, बिट्टू गुप्ता, पूर्णिमा साहू, देवशरण सेन, मंसाराम मोटवानी, गगन गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, चिंटू बग्गा, भरत साहू, खेमिन यादव पार्षद, अमृता सिंह, अरुण साहू, वर्षा कुंजरेकर, पार्षद शरद सिन्हा, दीपक गिडिया सहित बेमेतरा, विदिशा, इंदौर, महाराष्ट्र, रायपुर, दुर्ग से भी महाकाल भक्त इस पालकी यात्रा के लिए पधारे।

### बसंतपुर क्लब चौक से शुरू होकर लालबाग में हुआ समापन

श्री महाकाल सेना द्वारा जारी यात्रा की रूपरेखा के अनुसार बाबा महाकाल की पालकी यात्रा बसंतपुर क्लब चौक से प्रारंभ हुई। इसके बाद पालकी महमाया चौक, गांधी नगर, महेश नगर, ग्रीन हाइट्स, खोमचा ग्रुप, कमला कॉलेज चौक, फुर्सत के पल, प्रभात नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर होते हुए हेमू कल्याणी चौक, लालबागेश्वर धाम लालबाग पहुंची। नगर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालु बाबा महाकाल की पालकी का दर्शन एवं स्वागत हुआ। जगह-जगह पुष्पवर्षा, पूजन एवं स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और जय चंद्रमौलेश्वर महाकाल के जयघोष से पूरा शहर शिवमय रहा।

### ढोल-नगाड़ों और राष्ट्रभक्ति के साथ निकली पालकी

पालकी यात्रा में ढोल-नगाड़े, भक्ति संगीत और शिवभक्ति के जयघोष आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन में राष्ट्रभक्ति को भी विशेष स्थान दिया। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय ध्वजों के साथ श्रद्धालु यात्रा में शामिल होकर धर्म और राष्ट्र के प्रति सम्मान का संदेश दिया।

# डॉ रमन सिंह की उपस्थिति में भाजपा द्वारा कावड़ियों का स्वागत नंदई में किया गया

### शिव भक्ति एवं राष्ट्रभक्ति से ही भारत विकसित राष्टों की श्रेणी में शामिल होगा

**राजनंदगांव (दावा)।** सावन के पावन पवित्र मास में द्वितीय सोमवार को नंदई चौक में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में कांवडियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विधानसभ अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कावड़ यात्रा लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत अभिनंदन किया, साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महापौर मधुसूदन यादव एवं पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में कावड़ियों के उत्साह को दोगुना कर दिया। उत्साह और उमंग के साथ बोल बम का नारा लगाते हुए कांवडिए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे, और जिला भाजपा द्वारा पुष्प वर्षा तथा बेलपत्र के माध्यम से कांवडियों का स्वागत अभिनंदन किया जा रहा था। डॉ. रमन सिंह स्वयं पुष्प वर्षा कर सबका अभिनंदन कर रहे थे।

इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बबोधन में बताया कि भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आस्था से सरोबार यह कावड़ यात्रा जब राष्टभक्ति के साथ जुड़ जाती है और तिरंगा यात्रा के माध्यम से बागेश्वर धाम के प्रयास एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान के कारण विकसित भारत अभियान के लक्ष्य को आसानी से पूरा किया जा सकता है। महापौर मधुसूदन यादव ने भी भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आस्था से परिपूर्ण कावड़ यात्रा को सनातन संस्कृति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। देश के लिए आयोजित कावड़ यात्रा बागेश्वर मंदिर सेविका व लोक गायिका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय गीत व राष्ट्रगान उपस्थितजनों के साथ गाया गया, बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, सेवक नरसिम्हा रेड्डी, सौरभ खंडेलवाल, महेश शर्मा, मोना गोसाई आदि के द्वारा डॉक्टर रमन सिंह का गमछा पहनाकर बैच लगाकर स्वागत किया गया.आजादी पर्व मनाने की श्रृंखला के आरंभ में एक भव्य आकर्षक झांकी सैनिकों के साथ जिसमें तिरंगे झंडे लहरा रहे थे।

कामठी लाइन में श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के नेतृत्व में गुलाब के पंखुड़ियां की पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रियों का स्वागत किया गया. तिरंगा कावड़ यात्रा जो कि नक्सली हमले में शहीद जवानों को समर्पित थी, शहीद परिवारों के कल्याण हेतु जलार्पण कर भगवान शिव से उनके परिवार की कल्याण की प्रार्थना की गई. आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, विष्णु साव, मंडल अध्यक्ष गोलु गुप्ता, सुमित भाटिया, युवा मोर्चा के अध्यक्ष चिंटू सोनकर, वरिष्ठ नागरिक डी.सी जैन, हरजीत सिंह भाटिया, किसान मोर्चा के अध्यक्ष दादूराम सोनकर, महिला मोर्चा से मधु बैद, ऊर्जा एवं विद्युत विभाग के विधायक एवं सांसद प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी, मूलचंद भंसाली, भागचंद गीडिया, रोहित चन्द्राकर, नमिताभ जैन, निगम सभापति पारस वर्मा, पार्षद केवरा विजय राय, रवि सिन्हा, जैनम बैद, शिव वर्मा, अरुण साहू, आशु राजपूत, प्रिंयका कुंजरेकर, पुरुषोत्तम गांधी, हकीम खान, रघुवीर वाधवा, अकरम कुरैशी, गितेश गुप्ता, सतीश साहू, रीना सिन्हा, अमृता सिन्हा सहित सैकडों की संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे।

# छोटी से छोटी घटना की सूचना भी बड़ी आपराधिक वारदात रोकने में महत्वपूर्ण - टी.आई. एमन साहू

### सोमनी थाना परिसर में हुई कोटवारों की बैठक, थाना प्रभारी ने दी सख्त हिदायत

### अवैध शराब, सट्टा, संदिग्धों और आपसी विवादों पर पैनी नजर रखने के निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी एमन साहू विशेष अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने थाना क्षेत्र के गांवों के समस्त कोटवारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में थाना प्रभारी ने कोटवारों को समझाया कि कैसे उनके द्वारा दी गई एक छोटी सी सूचना भी किसी बड़ी आपराधिक घटना को टालने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में यह बैठक थाना परिसर सोमनी में बुलाई गई, जिसमें क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के कोटवार शामिल हुए। बैठक की शुरुआत में सभी कोटवारों का परिचय लिया गया और उनके गांवों की भौगोलिक व सामाजिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक में कोटवारों को चोरी की घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए गए। थाना प्रभारी ने कहा कि कोटवार गांव और पुलिस प्रशासन के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण सूचना तंत्र और मजबूत कड़ी हैं। उन्हें ग्रामीणों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा अपने कर्तव्यों का पालन पूरी सतर्कता व जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए गए।

### संदिग्धों और अवैध गतिविधियों पर रखें नजर

थाना प्रभारी ने कोटवारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने गांवों में सट्टा, अवैध शराब की बिक्री और अन्य असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, गांवों में रुकने वाले घुमंतू या मांगने-खाने वाले अनजान लोगों की भी जानकारी समय-समय पर थाने में जमा कराएं।

### आपसी विवाद न करें नजरअंदाज

श्री साहू ने जोर देकर कहा कि गांवों में होने वाले छोटे-छोटे झगड़ों, विवादों या आपसी तनाव को कतई नजरअंदाज न करें। स्थिति गंभीर होने या हिंसा का रूप लेने से पहले ही पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते निवारक कार्रवाई की जा सके।

**नेता प्रतिपक्ष के बयान पर रवि सिन्हा का पलटवार**

# सरासर झूठे और तथ्यहीन आरोप लगा रहे नेता प्रतिपक्ष, आमंत्रण कार्ड से लेकर शिलान्यास पत्थर तक में नाम था



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर निगम क्षेत्र में करीब 44 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के बयान को सरासर झूठ, तथ्यहीन और जनता को गुमराह करने वाला बताया। रवि सिन्हा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का यह कहना कि उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया, पूरी तरह गलत है। कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र में बाकायदा नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रकाशित किया गया था। इतना ही नहीं, भूमिपूजन स्थल पर लगाए गए शिलान्यास पत्थर में भी नेता प्रतिपक्ष का नाम अंकित था। इसके बावजूद सार्वजनिक रूप से यह कहना कि उन्हें सम्मान नहीं दिया गया या आमंत्रित नहीं किया गया, समझ से परे है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी सम्मानित पार्षदों को विधिवत आमंत्रण पत्र भेजे गए थे। इतना ही नहीं, निगम के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा पार्षदों को फोन कर कार्यक्रम की सूचना भी दी गई थी। इसके बाद भी यदि कोई व्यक्ति यह आरोप लगाए कि विपक्ष को कार्यक्रम से दूर रखा गया, तो यह राजनीतिक दुर्भावना के अलावा कुछ नहीं है। रवि सिन्हा ने कहा कि नगर निगम के विकास कार्य किसी एक राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि पूरे राजनांदगांव शहर की जनता के विकास से जुड़े कार्य हैं। ऐसे आयोजनों में पक्ष-विपक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और सम्मान लोकतांत्रिक परंपरा है और भाजपा इस परंपरा का पूरा सम्मान करती है।

उन्होंने कहा, 'जब आमंत्रण पत्र में नाम है, शिलान्यास पत्थर में नाम है, आमंत्रण पत्र सभी पार्षदों को भेजे गए हैं और निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने फोन करके भी सूचना दी है, तो फिर उपेक्षा का सवाल ही कहां उठता है? नेता प्रतिपक्ष को राजनीति करने से पहले तथ्यों की जांच कर लेनी चाहिए।'' रवि सिन्हा ने कहा कि महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। करीब 44 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन इसी विकास यात्रा का हिस्सा है।

# जिले के NEET एवं JEE 2026 में सफल विद्यार्थियों का सम्मान



**राजनांदगांव (दावा)।** जिले के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। आदरणीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा जिले के उन 6 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने NEET एवं JEE 2026 जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर जिले एवं अपने विद्यालयों का नाम गौरवान्वित किया है। सम्मानित विद्यार्थियों में जिज्ञासा लाउतरे (पीएमश्री सर्वेश्वरदास शाला, राजनांदगांव)-IIT JEE 2026, वैभव झा (पीएमश्री सर्वेश्वरदास शाला, राजनांदगांव) -NEET 2026, लिकेश साहू (पीएमश्री सर्वेश्वरदास शाला, राजनांदगांव) NEET 2026, भूपेन्द्र चंदेल (सेजेस राजा बलरामदास शाला, राजनांदगांव),IIT JEE 2026 भूपेंद्र कुमार (पंडित तुलसी प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, चिचोला)NEET 2026 तथा तुषार सोनी (सेजेस बख्शी शाला, राजनांदगांव)IIT-JEE 2026शामिल हैं। यहां सभी विद्यार्थी 12वीं की पढ़ाई करते-करते जिले द्वारा संचालित ऑनलाइन क्लासेस की मदद से एवं शिक्षकों के सहयोग से परीक्षा में सफलता हासिल की है

इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह जी ने सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उन्हें जीवन में निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए एक आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा जिले के शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम के दौरान जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य महेश्वरी मैडम एवं शिक्षकों में आकाश त्रिपाठी (सर्वेश्वर दास स्कूल), हर्षवीर वैष्णव (बक्शी स्कूल), श्रीमति आस्था वैष्णव (सर्वेश्वर दास स्कूल), नरेंद्र साहू (विनोबा कार्यक्रम ) भी सम्मानित किया गया। उनके समर्पण, नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस गरिमामय समारोह में कलेक्टर जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मनोज चौहान एवं मनोज मरकाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करना तथा जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सम्मानित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नांदिया में सुरंग : जमीन निगल रहा है सुरंग, प्रशासन अब तक मौन

(राजेश मेश्राम)

**जोंधरा (दावा)।** डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम कबीर मठ नादिया में पिछले दो महीने से अपने आप एक जमीन पानी गिरने से गड्ढा हो गया है और आसपास स्थित खेतों का पानी गांव का पानी इस गड्ढा में समाते गया देखते देखते यह गड्ढा बडा होते गया और आसपास की कई फीट मिट्टी भी इसके अंदर चला गया और तो और पास में रखी मोटी मोटी बल्लिया भी इसके अंदर चला गया फिर भी वह गड्ढा नहीं भर सका अब हालात यह है कि इसके आसपास की टनोटन गिट्टीयां भी इसके अंदर है तो भी यह गड्ढा आज भी ज्यों के त्यों बना हुआ है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

प्रतिनिधि ने ग्राम के सबसे बुजुर्ग पुनीत राम साहू से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि वहां पर पहले जमीन बिल्कुल समतल था किसी प्रकार का कोई गड्ढा आज से दो माह पूर्व वहां पर नहीं था, जैसे ही पानी गिरा वहां सुरंग जैसा बन गया उन्होंने बताया कि पहले राजा महाराजाओं के बीच लडाइयां होते रहता था इसलिए राजा लोग अपनी रक्षा के लिए इस तरह की सुरंग का निर्माण किया करते थे, उन्होंने इस गड्ढे से सुरंग ही बताया, वहीं ग्राम के लालदास



पटेल, गोपी राम साहू, लालाराम साहू , आनंदराम, शिवकुमार साहू आदि ने भी इस गड्ढे को सुरंग ही बताया। जब से इस सुरंग की उत्पत्ति हुई है तब से इसके आसपास स्थित घरों में लगे बोर कनेक्शन बंद हो चुका है जिसमें श्याम लोन्हारे , कबीर मठ मंदिर, ज्ञान साहू का बोर बंद है।

सुरंग के आसपास बने घरों के लोग अब सशंकित रहने लगे हैं यदि पानी गिरता रहे तो हो सकता है आसपास बने घर कहीं इस सुरंग में ना डूब जाए और इनका डर का जायज है क्योंकि टनोटन मिट्टी के जाने के बाद भी यह सुरंग आज भी ज्यों की त्यों ही बना हुआ है। जब से सुरंग की खबर क्षेत्रीय ग्रामीण में फैली है तब से लोगों का जमावड़ा इसे देखने के लिए लालायित है, प्रतिदिन सैकडो की संख्या में आकर इसे देख आश्चर्यचकित होते जा रहे है।

पिछ्ले दो माह से यह घटना घटित हो रहा है पर प्रशासन अब तक मौन है ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वो जगह स्थल पर आकर मुआयना करें और ग्रामीणों को बताएं कि आखिर यह क्या है, पर अब तक प्रशासनिक अमले का यहां न पहुंचना ग्रामीणों की जिज्ञासा और प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है।

# टोल टैक्स में बढ़ोतरी से जनता पर एक और आर्थिक बोझ - राजेश कुमार चंपू



**राजनांदगांव (दावा)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 के पूर्व पार्षद राजेश कुमार चंपू ने केंद्र सरकार द्वारा राष्टीय राजमार्गों पर टोल टैक्स की दरों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पहले से ही गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान आम जनता पर अब टोल टैक्स बढ़ाकर एक और आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। राजेश कुमार चंपू ने कहा कि महंगाई लगातार आम लोगों की कमर तोड़ रही है। घरेलू रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं के दाम पहले ही लोगों की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे समय में टोल टैक्स की दरों में वृद्धि करना आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स बढ़ने का सीधा असर माल भाड़े पर पड़ेगा, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में और वृद्धि होगी। इसका सबसे अधिक नुकसान मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान और छोटे व्यापारियों को उठाना पड़ेगा। श्री चंपू ने आरोप लगाया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लगातार जनता पर नए-नए आर्थिक बोझ डाल रही है, जबकि महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com